सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

भाग–3

विषय सूची

क्र. सं.	मैनुअल संख्या	विवरण	पृ.सं.
1.	6	ऐसे दस्तावेजों के जो उसके द्वारा धारित या उसके द्वारा नियंत्रणाधीन हैं, प्रवर्गों का विवरण।	1–10
2.	7	किसी व्यवस्था की विशिष्टियां जो उसकी नीति की संरचना या उसक कार्यान्वयन के संबंध में जनता के सदस्यों से परामर्श के लिए या उनके द्वारा अभ्यावेदन के लिए विद्यमान है।	11
3.	8	ऐसे बोर्डों, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों के विवरण जिनके दो या अधिक व्यक्ति हैं, जिनका उसके भागरूप या इस बारे में सलाह देने के प्रयोजन के लिए गठन किया गया है कि क्या उन बोर्डों परिषदों समितियों और अन्य निकायों की बैठकें जनता के लिए खुली होगी या ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त तक जनता की पहुंच होगी।	12–41
4.	9	अधिकारियों/कर्मचारियों की निर्देशिका	42–43
5.	10	प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी द्वारा प्राप्त मासिक परिश्रमिक जिसमें उसके विनियमों में यथा उपबंधित प्रतिकर की प्रणाली सम्मिलित है।	
6.	11	सभी योजनाओं, प्रस्तावित व्ययों और किये गये संवितरणों पर रिपोर्टों की विशिष्टियां उपदर्शित करते हुए अपने प्रत्येक अभिकरण को आवंटित बजट।	44–50
7.	12	सहायिकी कार्यक्रमों के निष्पादन की रीति जिसमें आवंटित राशि और एसे कार्यक्रमों के फायदाग्रहियों के ब्यौरे सम्मिलित हैं।	51–139
8.	13	अपने द्वारा अनुदत्त रियायतों, अनुज्ञापत्रों या प्राधिकारों के प्राप्तिकर्त्ताओं की विशिष्टियां।	
9.	14	किसी इलैक्ट्रानिक रूप में सूचना के संबंध में ब्यौरे, जो उसको उपलब्ध हों या उसके द्वारा धारित हों।	
10.	15	सूचना अभिप्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं की विशिष्टियां जिनके अंतर्गत किसी पुस्तकालय या वाचन कक्ष के यदि लोक उपयोग के लिए अनुरक्षित है तो कार्यकरण घंटे सम्मिलित हैं।	142
11.	16	लोक सूचना अधिकारियों के नाम, पदनाम और अन्य विशिष्टिया।	143
12.	17	ऐसी अन्य सूचना जो विहित की जाय।	144

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005
मैनुअल–6

ऐसे दस्तावेजों के जो उसके द्वारा धारित या उनके नियंत्रणाधीन हैं, का विवरण

निदेशालय एवं जनपद स्तर पर विभिन्न प्रकार के अभिलेखों को निम्न श्रेणियों में विभाजित किया गया हैः–

1. साधारण पंजिकाएं
2. प्रशासनिक/कार्मिक पंजिकाएं
3. वित्तीय पंजिकाएं

साधारण अभिलेखों के अंतर्गत पंजिकाएं निम्नलिखित हैंः–

1. रजिस्ट्रार आफ पंजिका।
2. डाक प्राप्ति पंजिका।
3. स्थानीय डाक पंजिका।
4. पत्रावली पंजिका।
5. वीडिंग पंजिका।
6. मृत पंजिका।
7. लेखा सामग्री पंजिका।
8. इन्कमवेन्सी पंजिका।
9. प्रपत्रों के मुद्रण संबंधी पंजिका।
10. लेखन सामग्री/प्रपत्रों की मांग संबंधी पंजिका।
11. भ्रमण कार्यक्रम पंजिका।
12. विभागीय वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन।
13. समाप्त पंजियों की पंजिका।

प्रशासनिक/कार्मिक पंजिकाएं/पत्रावलियां

निदेशालय/जनपद स्तर पर निम्न प्रशासनिक/कार्मिक पंजिकाएं/पत्रावलियां व्यवस्थित हैंः–

1. उपस्थिति पंजिका।
2. आकस्मिक अवकाश पंजिका।
3. निरीक्षक टिप्पणी एवं उनके अनुपालन संबंधी पंजिका।
4. अधिकारों के प्रतिधायन संबंधी पत्रावली।
5. दौरों के कार्यक्रम।
6. विधानसभा/लोकसभा व राज्यसभा के प्रश्नों की पत्रावलियां।
7. नियमावलियों, नियम, विनियम, अधिनियम, प्रक्रिया पद्धति तथा उनकी आख्या तथा नियमों में संशोधन संबंधी पत्रावलियां।
8. शासनादेशों की गार्ड फाइलें।
9. शिकायती पत्रों की पंजिका।
10. सरकारी गजट।
11. अनिस्तारित पत्रों की पंजिका।
12. अधिकारियों/कर्मचारियों की व्यक्तिगत पत्रावलियां।
13. अस्थाई/स्थानापन्न नियुक्तियों हेतु मांगे गये प्रार्थना–पत्रों की पत्रावलियां।
14. अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति संबंधी पत्रावलियां।
15. वरिष्ठता सूची।
16. सेवा पुस्तिकायें।
17. स्थानापन्न आदेश पंजिका।
18. गोपनीय चरित्र पंजिका, पत्रावलियों की पंजिका।
19. विभिन्न पदों के सृजन संबंधी पत्रावलियां।
20. अनुशासनिक कार्यवाही संबंधी रजिस्टर।

वित्तीय पंजिकायें / पत्रावलियाँ

1. आडिट आपत्ति पंजिका।
2. राजकीय वाहन लाग बुक पंजिका।
3. टेलीफोन पंजिका।
4. चैकबुक पंजिका।
5. वेतन बिल पंजिका।
6. टी0ए0 चैक रजिस्टर।
7. कोषागार में बिल प्राप्ति पंजिका।
8. 11–सी पंजिका।
9. कैश बुक।
10. बी0एम0–8 पंजिका।
11. लोन रिकवरी पंजिका।
12. ब्राड सीट–चतुर्थ श्रेणी।
13. जी0पी0एफ0 तृतीय, द्वितीय, श्रेणी लेजर।
14. आडिट–महालेखाकार / विभागीय लेखाकार द्वारा की गई आडिट पत्रावलियां।
15. आय व्ययक अनुमान पत्रावलियां।
16. सरकारी डाक पंजिका।
17. विभिन्न प्रकार के अग्रिमों से संबंधित पत्रावलियां।
18. परिश्रमिक / परितोषिक स्वीकृति संबंधी पंजिका।
19. नई मांगों की अनुसूची संबंधी पत्रावलियां।
20. वार्षिक वेतन वृद्धि पंजिका।
21. मासिक व्यय विवरण पंजिका।
22. पर्मनेन्ट एडवांस रजिस्टर।

उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड
संख्या 3582–सी/उ0नि0(एक) 2002–04
देहरादून दिनांक 25–02–2005

कार्यालय ज्ञाप

उद्योग निदेशालय स्तर पर अनुभागों का निर्धारण करते हुए उनके अधीन निम्न विवरणानुसार कार्य रखे जाते हैंः–

अनुभाग–1 (कार्मिक अनुभाग)

1. राजपत्री अधिकारियों के सेवा संबंधी समस्त विषयों तथा नियुक्ति, प्रोन्नति, वरिष्ठता स्थाईकरण, स्थानान्तरण, विनियमितीकरण, भविष्य निर्वाह निधि, विभिन्न अग्रिम ऋण एवं तद्विषयक सूचना आदि पर कार्यवाही करना।
2. अधिनस्थ सेवा संवर्ग के सेवा संबंधी समस्त विषयों यथा नियुक्ति, प्रोन्नति, वरिष्ठता, स्थाईकरण, स्थानान्तरण, विनियमितीकरण, भविष्य निर्वाह निधि, विभिन्न अग्रिम ऋण एवं तद्विषयक सूचना आदि पर कार्यवाही करना।
3. लिपिक सेवा संवर्ग के सेवा संबंधी समस्त विषयों यथा नियुक्ति, प्रोन्नति, वरिष्ठता, स्थाईकरण, स्थानान्तरण, विनियमितीकरण, भविष्य निर्वाह निधि, विभिन्न अग्रिम ऋण एवं तद्विषयक सूचना आदि पर कार्यवाही करना।
4. तकनीकी संवर्ग के सेवा संबंधी समस्त विषयों यथा नियुक्ति, प्रोन्नति, वरिष्ठता, स्थाईकरण, स्थानान्तरण, विनियमितीकरण, भविष्य निर्वाह निधि, विभिन्न अग्रिम ऋण एवं तद्विषयक सूचना आदि पर कार्यवाही करना।
5. चतुर्थ सेवा संवर्ग के सेवा संबंधी समस्त विषयों यथा नियुक्ति, प्रोन्नति, वरिष्ठता, स्थाईकरण, स्थानान्तरण, विनियमितीकरण, भविष्य निर्वाह निधि, विभिन्न अग्रिम ऋण एवं तद्विषयक सूचना आदि पर कार्यवाही करना।
6. उत्तर प्रदेश से आवंटित सरप्लस कार्मिकों के सेवा संबंधी समस्त विषयों यथा नियुक्ति, प्रोन्नति, वरिष्ठता, स्थाईकरण, स्थानान्तरण, विनियमितीकरण, भविष्य निर्वाह निधि, विभिन्न अग्रिम ऋण एवं तद्विषयक सूचना आदि पर कार्यवाही करना।
7. विभागीय विभिन्न सेवा संवर्गो की सेवा नियमावलियों के प्रारूप तैयार कर शासन को प्रेषित करना एवं समय–समय पर आवश्यकता के अनुरूप उनमें संशोधन के प्रारूप तैयार कर शासन को प्रेषित करना एवं तद्विषयक सूचनाओं आदि पर कार्यवाही करना।
8. कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही, विभागीय जाँच, सर्तकता जांच एवं अभियोजना संबंधी विषयों पर समस्त कार्यवाही करना।
9. जनशक्ति का नियोजन एवं नियंत्रणाधीन प्रक्रियाओं को आवश्यकता के अनुरूप सरलीकरण एवं अधिकारों के प्रतिनिधायन विषयक कार्यवाही करना।
10. निदेशालय स्तर पर कार्यविभाजन संबंधी कार्यवाही करना।
11. कार्मिकों द्वारा विभिन्न न्यायालयों में दायर वादों के संबंध में सभी प्रकार की कार्यवाही करना।
12. विभागीय पद संरचना के संबंध में कार्यवाही।
13. कार्मिकों को समय–समय पर विशेष प्रशिक्षण एवं उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने विषयक विषयों पर कार्यवाही करना।
14. कार्मिक विषयक सभी सूचनाओं का संकलन एवं समीक्षा विषयक कार्यवाही।
15. कार्मिकों के पेंशन एवं सेवा निवृत्त पर देय अन्य सुविधाओं की स्वीकृति के संबंध में कार्यवाही करना।
16. कार्मिक अनुभाग से संबंधित जन शिकायतों, लोक सभा एवं विधान सभा प्रश्नों, एवं माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त पत्रों पर कार्यवाही।

17. सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों के प्रकरणों पर कार्यवाही करना।

अनुभाग–2 (बजट अनुभाग)

1. विभाग से संबंधित सभी चालू योजनाओं के आय–व्ययक अनुमान तैयार करने संबंधी समस्त कार्यवाही करना।
2. आयोजनेत्तर पक्ष की बजट मांग की सूचनाओं का संकलन एवं बजट आवंटन, पुर्नविनियोग एवं सर्मपण तथा तद्विषयक कार्यवाही।
3. आयोजनागत पक्ष की बजट मांग की सूचनाओं का संकलन एवं बजट आवंटन, पुर्नविनियोग, सर्मपण एवं सदुपयोगिता तथा तद्विषयक कार्यवाही।
4. जनपदों से प्राप्त मासिक व्यय विवरणों का संकलन एवं तद्विषयक कार्यवाही।
5. महालेखाकार कार्यालय में आय–व्ययक लेखों का मिलान एवं तद्विषयक कार्यवाही करना।
6. वित्त आयोग से संबंधित सभी प्रस्तावों एवं सूचनाओं को तैयार करना।

अनुभाग–3 (लेखा एवं आहरण वितरण अनुभाग

(अ) लेखा कक्षः–

1. महालेखाकार द्वारा किए जाने वाले आडिट प्रतिवेदनों के अनुपालन की कार्यवाही करना एवं उनका उत्तर तथा लम्बित आख्यों के निस्तारण हेतु कार्यवाही करना।
2. जिला उद्योग केन्द्रों में महालेखाकार के आडिट प्रतिवेदनों के संबंध में कार्यवाही करना।
3. विभागीय लेखानिरीक्षण के संबंध में कार्यवाही एवं प्राप्त आडिट प्रतिवेदनों पर कार्यवाही।
4. निदेशालय के विभिन्न अनुभागों से प्राप्त वित्त संबंधी पत्रावलियों पर वित्तीय टिप्पणी अंकित करते हुए उन्हें व्यवहृत करना।
5. जनपदों से प्राप्त यात्रा कार्यक्रमों के अनुमोदन एवं यात्रीबीजकों पर प्रतिहस्ताक्षर एवं तद्विषयक कार्यवाही।
6. कालातीत देयकों के संबंध में सभी प्रकार की कार्यवाही करना।
7. निदेशालय स्तर पर सभी प्रकार के देयकों की जांच करना।
8. निदेशालय एवं जिला उद्योग केन्द्रों के विभिन्न वित्तीय प्रस्तावों की जांच करना एवं प्रशासनिक स्वीकृतियाँ जारी करना।
9. विभिन्न प्रकार के वितरित औद्योगिक ऋणों की वसूली से संबंधित समस्त कार्यवाही।
10. निदेशालय स्तर पर डाक टिकट रजिस्टर, एवं भण्डार से संबंधित पंजिकाओं की जांच करना।

(ब) आहरण एवं वितरण कक्षः–

1. निदेशालय स्तर पर कैश संबंधी कार्य एवं तद्विषयक अभिलेखों का रख–रखाव।
2. बैंकों में स्थित खातों का संचालन एवं तद्विषयक अभिलेखों का रख–रखाव।
3. निदेशालय स्तर पर कार्मिकों के वेतन, एरियर, यात्रा, भविष्य निधि, अग्रिम एवं कार्मिकों से संबंधित अन्य 4 सभी प्रकार के देयकों को तैयार करना एवं तद्विषयक कार्यवाही करना।
4. कार्मिकों के भविष्य निधि पासबुक, लेजर आदि का रख–रखाव एवं तद्विषयक कार्यवाही करना।
5. निदेशालय स्तर पर सभी प्रकार के आकस्मिक बिलों को तैयार करना एवं तद्विषयक समस्त कार्यवाही।
6. आयकर से संबंधित कार्यवाही।
7. निदेशालय एवं जिला स्तरीय कार्यालयों के सेवा निवृत्त/सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि में जमा धनराशि के 90 प्रतिशत के भुगतान संबंधी कार्यवाही करना।

अनुभाग–4 (नियोजन एवं सांख्यकीय विभाग)

1. राज्य एवं जिला योजनायें तैयार करना एवं तद्विषयक कार्यवाही।
2. नई योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करना एवं तद्विषयक कार्यवाही।
3. जिला उद्योग केंद्रों से प्राप्त नई योजनाओं का परीक्षण एवं उन पर अग्रिम कार्यवाही करना।
4. विभागीय विभिन्न योजनाओं में आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तन करना एवं तद्विषयक कार्यवाही।
5. योजनाओं के सफल संचालन हेतु कार्ययोजनायें तैयार करना।
6. विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समय–समय पर समीक्षा करना एवं उनमें आवश्यकता के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर एकीकृत योजनायें तैयार करना।
7. विभाग की पंचवर्षीय योजना हेतु प्रस्ताव तैयार करना।
8. वित्त आयोग से संबंधित सभी प्रस्तावों एवं सूचनाओं को तैयार करना।
9. लघु औद्योगिक इकाइयों का सर्वेक्षण एवं गणना संबंधी कार्य।
10. भारत सरकार से समय–समय पर वांछित सांख्यकी सूचनाओं का संकलन एवं प्रेषण का कार्य।
11. निदेशालय स्तर पर प्राप्त होने वाली निदेशालय के विभिन्न अनुभागों की मासिक/त्रैमासिक/छःमाही एवं वार्षिक सूचनाओं की समीक्षा एवं बैठक हेतु संकलन एवं प्रेषण का कार्य।
12. खादी बोर्ड से प्राप्त योजनाओं पर निदेशालय स्तर पर परीक्षण कर उन पर कार्यवाही करना।
13. नियोजन संबंधी विशेष प्रकार की विभिन्न सूचनाओं का संकलन एवं प्रेषण।
14. निदेशालय स्तर पर निर्धारित विभिन्न सूचनाओं के प्रारूपों की समय–समय पर समीक्षा एवं उनका नवीनीकरण।
15. बुद्धिजीवियों/जनप्रतिनिधियों/सांसदों/विधायकों एवं मंत्रियों से प्राप्त सुझावों के संबंध में कार्यवाही।
16. राज्य स्तरीय परामर्श कक्ष हेतु सभी प्रकार के आवश्यक साहित्य का संकलन एवं परियोजनाओं आदि का संकलन।
17. विभिन्न प्रकार की डारेक्ट्रीयाँ तैयार करना।
18. विभाग से संबंधित गतिविधियों हेतु महामहिम राज्यपाल/माननीय मुख्यमंत्री/उद्योग मंत्री एवं उच्च अधिकारियों के भाषण का प्रारूप तैयार करना।
19. नई योजनाओं हेतु एस0एन0डी0 तैयार करना।
20. विभिन्न बैठकों हेतु सूचनाओं का संकलन, बैठकों के कार्यवृत्तों का अनुपालन एवं सभी प्रकार की बैठकों से संबंधित कार्यवाही।
21. विभाग से संबंधित समस्त आंकड़ों का रख–रखाव एवं विभिन्न डायरेक्ट्री तैयार करना।

अनुभाग–5 (औद्योगिक विकास अनुभाग)

1. राज्य के औद्योगिक विकास हेतु समय–समय पर औद्योगिक नीति संबंधी प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करना एवं उद्योग सेक्टर की विभिन्न योजनाओं से संबंधित का अनुश्रवण करना एवं सूचनायें तैयार करना।
2. औद्योगिक इकाइयों के वित्त पोषण संबंधी प्रकरणों पर वित्तीय संस्थाओं एवं बैंकर्स के साथ समन्वय स्थापित करने संबंधी प्रकरणों पर कार्यवाही।
3. राज्य के औद्योगिक विकास हेतु जिला उद्योग केंद्रो को दिशा–निर्देश देना।
4. औद्योगिक आस्थान एवं औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित समस्त कार्यों का संपादन एवं पर्यवेक्षण।
5. वृहद् एवं मध्यम उद्योग से संबंधित समस्त कार्यों का संपादन।
6. आई0ई0एम0/एल0ओ0आई0/एफ0डी0आई0/एफ0टी0सी0/ई0ओ0यू0 से संबंधित समस्त कार्य।
7. औद्योगिक इकाइयों को कच्चा माल आवंटन से संबंधित कार्य।
8. रूग्ण इकाइयों का पुर्नवासन एवं स्लिक की बैठक से संबंधित कार्य।
9. फैसिलिटेशन काउन्सिल से संबंधित समस्त कार्य।
10. परिवहन उपादान से संबंधित समस्त कार्य

11. केंद्रीय पूँजी उपादान योजना से संबंधित समस्त कार्य।
12. ब्याज उपादान से संबंधित समस्त कार्य।
13. नई औद्योगिक नीति के तहत देय पैकेज के अंतर्गत आयकर/उत्पादन कर आदि से संबंधित समस्त कार्य।
14. व्यापार कर से संबंधित समस्त कार्य।
15. औद्योगिक सेक्टर से संबंधित गोष्ठियों, सेमीनारों, एवं सभी प्रकार के मेलो आदि का आयोजन संबंधी कार्य।
16. औद्योगिक सेक्टर से संबंधित जन शिकायतों, विधान सभा एवं लोक सभा प्रश्नों, माननीय विधायक, सांसदों एवं मंत्रियों से प्राप्त पत्रों का उत्तर एवं उन पर कार्यवाही करना।
17. उद्योग सेक्टर की विभागीय योजनाओं की समीक्षा एवं उनके सफल संचालन हेतु कार्य योजनायें तैयार करना।
18. राज्य में लघुत्तर, लघु एवं ग्रामीण एवं कुटीर उद्योगों के समग्र विकास हेतु सभी प्रकार की परियोजनायें एवं नीतियों के प्रारूप तैयार करना एवं तद्विषयक कार्य।
19. उद्योग सेक्टर के आयात एवं निर्यात संबंधी कार्य।

अनुभाग–6 (हथकरघा एवं हस्तशिल्प)

1. हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद से संबंधित समस्त कार्य।
2. राज्य में हथकरघा एवं हस्तशिल्प सेक्टर के विकास हेतु समय–समय पर हथकरघा नीति संबंधी प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करना एवं हथकरघा सेक्टर की विभिन्न योजनाओं का अनुश्रवण करना एवं सूचनायें तैयार करना।
3. बुनकरों के कल्याण एवं विकास हेतु आवास से सम्बद्ध कार्यशाला योजना, थ्रिफ्ट फण्ड योजना, वहबूदी फण्ड योजना, हैल्थ पैकेज, सामुहिक बीमा योजना, हथकरघों के आधुनिकीकरण की योजना, दीनदयाल हथकरघा योजना, हथकरघा पुरस्कार योजना एवं अन्य हथकरघा योजनाओं का कार्य।
4. हथकरघा इकाइयों, हस्तशिल्प इकाइयों के वित्त पोषण संबंधी प्रकरणों पर वित्तीय संस्थाओं एवं बैंकर्स के साथ समन्वय स्थापित करने संबंधी प्रकरणों पर कार्यवाही।
5. हथकरघा बुनकरों एवं इकाइयों तथा हस्तशिल्पियों के संबंध में समय–समय पर विभिन्न सूचनाओं का संकलन एवं प्रेषण।
6. हथकरघा बुनकरों एवं इकाइयों तथा हस्तशिल्पियों की डायरेक्ट्री तैयार करना।
7. हथकरघा एवं हस्तशिल्प सेक्टर से संबंधित जन शिकायतों, विधानसभा एवं लोकसभा प्रश्नों, माननीय विधायक, सांसदों एवं मंत्रियों से प्राप्त पत्रों का उत्तर एवं उन पर कार्यवाही करना।
8. बुनकर एवं बुनकर संगठनों तथा हस्तशिल्पियों से प्राप्त प्रस्तावों/पत्रों/शिकयतों पर कार्यवाही करना
9. हथकरघा बुनकरों एवं इकाइयों तथा हस्तशिल्पियों के विकास हेतु जिला उद्योग केन्द्रों को दिशा–निर्देश देना।
10. हथकरघा बुनकरों/इकाइयों एवं समितियों तथा हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित समान की बिक्री हेतु जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनियों/मेलों का आयोजन विषयक कार्य।
11. असंगठित बुनकरों के संगठित करने हेतु समय–समय पर योजनाएं तैयार करना।
12. रोजगार सृजन हेतु नए बुनकर तैयार करने हेतु बेरोजगारों को प्रोत्साहित करने हेतु हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के तत्वाधान में योजनाएं तैयार करना तथा तद्विषयक कार्य।
13. विभागीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प योजनाओं के आधुनिकीकरण का कार्य।
14. रोजगार सृजन हेतु नये हस्तशिल्पियों को तैयार करने हेतु बेरोजगारों को प्रोत्साहित करने हेतु हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के तत्वाधान में योजनायें तैयार करना तथा तद्विषयक कार्य।
15. हथकरघा एवं हस्तशिल्प सेक्टर के आयात एवं निर्यात संबंधी कार्य।

16. विभिन्न पुरूष्कारों से संबंधित कार्यवाही।

अनुभाग–7 (पी.एम.आर.वाई. एवं उद्यमिता विकास अनुभाग)

1. प्रधानमंत्री रोजगार योजना से संबंधित भारत सरकार के दिशा निर्देशों पर कार्यवाही करना।
2. प्रधानमंत्री रोजगार योजना के लक्ष्यों का आवंटन एवं उनकी पूर्ति हेतु दिशा–निर्देश जारी करना।
3. प्रधानमंत्री योजना के सफल संचालन एवं लक्ष्यों की पूर्ति हेतु बैंकर्स के साथ बैठक का आयोजन संबंधी कार्य।
4. प्रधानमंत्री रोजगार योजना से संबंधित समस्त सूचनाओं का संकलन एवं प्रेषण।
5. प्रधानमंत्री रोजगार योजनान्तर्गत जिला उद्योग केंद्रों से प्राप्त प्रस्तावों पर कार्यवाही करना एवं उन्हें दिशा–निर्देश देने का कार्य।
6. प्रधानमंत्री रोजगार योजनान्तर्गत लाभान्वित अभ्यर्थियों की राज्यस्तरीय डायरक्ट्री तैयार करना।
7. प्रधानमंत्री रोजगार योजना के सफल संचालन हेतु कार्ययोजना तैयार करना।
8. राज्य में उद्यमिता विकास हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रमों का संचालन एवं तत्संबंधी कार्य।
9. राज्य में उद्यमिता विकास हेतु आवश्यक साहित्यों तथा परियोजनाओं का संकलन एवं विभिन्न औद्योगिक संगठनों एवं संस्थाओं के माध्यम से कार्यशालायें आयोजित करना।

अनुभाग–8 (उद्योग मित्र/परामर्श/समन्वय अनुभाग)

1. उद्योग मित्र संबंधी समस्त कार्यवाही।
2. परामर्श संबंधी समस्त कार्यवाही।
3. एकल खिड़की योजना के अन्तर्गत राज्य के औद्योगिकीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार करना एवं उन पर कार्यवाही करते हुए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करना।
4. खादी बोर्ड/सिडकुल एवं अन्य संस्थाओं से संबंधित समस्त कार्यवाही।
5. निगमों की परिसम्पतियों के स्थानान्तरण से संबंधित कार्य।
6. उद्योगों हेतु लैण्ड बैंक संबंधी समस्त कार्य।
7. औद्योगिक संगठनों से प्राप्त प्रस्तावों/पत्रों/शिकायतों पर कार्यवाही करना।

अनुभाग–9 (नजारत एवं सामान्य अनुभाग)

1. निदेशालय के सभी व्यवस्था संबंधी कार्य एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को कार्य आवंटित करना।
2. डायरी एवं डिस्पैच संबंधी कार्य।
3. कार्मिकों की चरित्र प्रविष्टियों का रख–रखाव।
4. उद्योग निदेशालय के भण्डार अनुरक्षण एवं तत्संबंधी अभिलेखों का रख–रखाव।
5. निदेशालय एवं जिला उद्योग केंद्रो से प्राप्त अनुपयोगी सामानों के निस्तारण संबंधी प्रस्तावों पर कार्यवाही/स्वीकृति।
6. विभागीय परिसम्पतियों से संबंधित अभिलेखों का रख–रखाव, सूचनाओं एवं परिसम्पतियों के सम्बन्ध में स्वीकृतियां जारी करना।
7. भण्डार से संबंधित विभिन्न स्वीकृतियां जारी करना।
8. पुराने अभिलेखों का रख–रखाव एवं उनके निदान (वीडिंग) संबंधी कार्यवाही।
9. वार्षिक भण्डार सत्यापन संबंधी कार्य।

कैम्प अनुभाग निदेशक उद्योग

1) निदेशक उद्योग के कैम्प कार्यालय से संबंधित समस्त कार्य।

कैम्प अनुभाग अपर निदेशक उद्योग

1) अपर निदेशक उद्योग के कैम्प कार्यालय से संबंधित समस्त कार्य।

(संजीव चौपड़ा)
निदेशक उद्योग।

संख्या एवं दिनांक उक्तानुसार।

प्रतिलिपिः

1. समस्त अधिकारी/सहायक उद्योग निदेशालय को इस निर्देश के साथ कि वे तत्काल प्रभाव से पत्राचार में अनुभाग का नाम अंकित करना सुनिश्चित करें।
2. समस्त महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, उत्तरांचल को इस निर्देश के साथ कि वे निदेशालय से पत्राचार करते समय संबंधित अनुभाग का उल्लेख करें।
3. सचिव औद्योगिक विकास विभाग उत्तरांचल शासन को सूचनार्थ प्रेषित।

(एस0सी0चन्दोला)
संयुक्त निदेशक उद्योग।

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005
मैनुअल–7

किसी व्यवस्था की विशिष्टियां जो उनकी नीति की संरचना या उसके क्रियान्वयन के संबंध में जनता के सदस्यों से परामर्श के लिए या उनके द्वारा अभ्यावेदन के लिए विद्यमान है।

जनता के साक्ष्यों से परामर्श हेतु विभाग में निम्न व्यवस्था स्थापित हैः–

उद्योग विभाग की व्यवस्था की विशिष्टियों हेतु संरचना स्पष्ट है कि इसमें प्रदेश स्तर पर उद्योग निदेशालय की स्थापना है तथा जनपद स्तर पर जिला उद्योग केन्द्रों की स्थापना है। जनता के सदस्यों से परामर्श हेतु जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवसों का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी इसके सदस्य होते हैं तथा जनप्रतिनिधि भी इसके सदस्य होते हैं। यह बैठक प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में क्रमानुसार प्रत्येक तहसील में आयोजित होती है, जिसमें सीधे जनता के सदस्यों से विचार–विमर्श होता है एवं विभाग से सम्बन्धित उनकी समस्याओं का समाधान इसी बैठक में किया जाता है। इस बैठक मेंसमस्या के समाधान हेतु समय भी निर्धारित किया जाता है। इसी प्रकार जनता के सदस्यों से प्राप्त सुझाव भी मांगे जाते हैं जिनका समय–समय पर विभागीय कार्यक्रमों में समायोजन भी किया जाता है।

जनपद स्तर पर जनता के सदस्यों से सीधे परामर्श हेतु प्रत्येक विकास खण्ड में केन्द्र समिति की बैठकों का आयोजन प्रत्येक मास में एक बार क्रमानुसार प्रमुख केन्द्र समिति की अध्यक्षता में आयोजित की जाती है, जिसमें की सभी केन्द्रीय प्रतिनिधि उपस्थित होते हैं तथा सभी जिलास्तरीय अधिकारी उसमें अनिवार्य रूप से भाग लेते हैं, जिसमें की सीधे जनता के सदस्यों से परामर्श किया जाता है। इसी प्रकार की बैठकें जनता के सदस्यों से परामर्श हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में भी प्रत्येक त्रैमास में आयोजित की जाती है, जिसमें सभी जिलास्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से भाग लेते हैं, तथा उक्तानुसार प्रक्रिया होती है। साथ ही जिलों की तहसीलों में/ब्लाक स्तर पर तैनात केंद्रीय सहायक प्रबन्धक उद्योग द्वारा भी समय–समय पर आवश्यकतानुसार उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, अभिप्ररणा शिविर तथा अन्य जिलास्तरीय कार्यक्रमों तथा सीधे भी जनता के सदस्यों से परामर्श किया जाता है।

उपरोक्त के साथ ही स्थानीय उद्यमियों की समस्या के समाधान हेतु जनपद स्तर पर जिला उद्योग मित्र की बैठक प्रतिमाह/द्विमासिक रूप से जिलाअधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की जाती है, जिसमें की सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भाग लिया जाता है, तथा बैठक में विचार–विमर्श के बाद जिला स्तरीय समस्याओं का समाधान किया जाता है। उद्यमियों की जिन समस्याओं का समाधन जनपद स्तर पर नहीं हो पाता है उन्हें राज्यस्तरीय उद्योग मित्र की बैठक में समाधान हेतु भेजा जाता है। राज्यस्तरीय उद्वोग मित्र की बैठक प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में प्रत्येक त्रैमास में आयोजित की जाती है। जिला स्तरीय उद्योग मित्र/राज्यस्तरीय उद्योग मित्र की बैठकों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण इसी पुस्तिका के **पृष्ठ 20 से 24 में दिया गया है।**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005
मैनुअल–8

बोर्डों, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों का विवरण, साथ ही विवरण की क्या उन बोर्डों, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों की बैठकें जनता के लिए खुली होंगी या बैठकों के कार्यवृत्त तक जनता की पहुँच होगी ?

प्रदेश के सर्वांगीण औद्योगिक विकास हेतु विभिन्न शासनादेशों के तहत निम्न परिषदों/समितियों का गठन किया गया हैः–

1. राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास परिषद।
2. राज्य स्तरीय उद्योग मित्र।
3. उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद।
4. लघु उद्योग इकाइयों के लम्बित देयों के निस्तारण हेतु फैसिलिटेशन काउन्सिल।
5. उत्तराखण्ड राज्य औद्योगिक विकास निगम, अलग से विभाग है जिसका मैनुअल अलग से सम्बन्धित विभाग को भेजा जायेगा।

इन समितियों/परिषदों तथा विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों का विभाग चार्टर के अनुसार इकाइयों के हित में निर्गत की जाने वाली स्वीकृतियों, संस्तुतियों, पंजीकरण इत्यादि के त्वरित निष्पादन हेतु समय–सारणी, शासनादेश संख्या–353 दिनांक 26 अगस्त, 2004 के अंतर्गत ''एकल खिडकी सम्पर्क सूचना एवं सुगमता व्यवस्था'' लागू की गई है, जिसमें निम्न व्यवस्था की गई हैः–

1. औद्योगिक इकाइयों की स्थापना से पूर्व प्रदेश के विभिन्न विभागों से वांछित स्वीकृतियों, अनुमोदनों, अनापत्तियों, अनुज्ञा पत्रों का संकलन।
2. उद्योग स्थापना के पश्चात प्रदेश के विभिन्न विभागों से वांछित स्वीकृतियों, अनुमोदनों, अनापत्तियों, अनुज्ञा पत्रों का संकलन।

ये सभी पुस्तिकायें निदेशालय एवं जनपद स्तर पर जिला उद्योग केंद्रों में उपलब्ध हैं। विभाग द्वारा स्थापित इकाइयों की वार्षिक रूप से पंजिका में अंकित कर निर्देशिका तैयार की जाती है तथा सूचना का अधिकार अधिनियम बन जाने से इन इकाइयों की मासिक रूप से निर्देशिका तैयार की जायेगी।

विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों एवं संचालित विभिन्न योजनाओं तथा सुविधओं से संबंधित पुस्तिका का प्रकाशन निदेशालय स्तर पर किया जाता रहा है, जिसमें विभागीय योजनाओं एवं केंद्रीय तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न सुविधाओं को सूचीबद्ध करके उद्यमियों एवं अन्य लाभार्थियों के लिए प्रचारित किया जाता रहा है।

विभाग द्वारा वर्ष भर किए जाने वाले कार्यों की कार्य योजना तथा कार्यपूर्ति दिग्दर्शिका तैयार की जाती रही है, जिसमें वर्ष भर किये जाने वाले कार्य तथा गत वर्ष हुये कार्यों की प्रगति इंगित होती है। इस पुस्तिका को माननीय मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, जन प्रतिनिधियों एवं उच्चाधिकारियों तथा जन सामान्य को उपलब्ध कराई जाती है।

नीति बनाने उसके कार्यान्वयन के सम्बन्ध में जनता के सदस्यों से परामर्श के लिये या उनके प्रतिनिधित्व में विद्यमान व्यवस्था के सम्बन्ध में सूचना

उद्योग विभाग राज्य के सर्वांगीण विकास तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न नितियों एवं कार्यक्रमों के संचालन हेतु कटिबद्ध है, जिस हेतु राज्य की औद्योगिक नीति घोषित की गई है, जो निम्नवत हैः–

1. माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में राज्य औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन परिषद का गठन जिसमें उद्योगों के विशेषज्ञों एवं सरकारी प्रतिनिधियों को समिमलित किया गया है।
2. माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय उद्योग मित्र एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग मित्र का गठन।
3. प्रदेश में औद्योगिक अवस्थापना संविधाओं के विकास हेतु उत्तरांचल राज्य औद्योगिक विकास निगम का गठन किया गया है।
4. हस्तशिल्प एवं छीपी उद्योग के विकास हेतु समुमचित रणनीति तैयार कर उसे क्रियान्वित करने हथकरघा और हस्तशिल्प एवं छीपी उद्योग के संवर्द्धन, प्रदर्शन एवं विपणन की समुचित व्यवस्था करने प्रदेश में शिल्प ग्रामों को शिल्प ग्राम के रूप में चयन कर परम्परागत हथकरघा एवं शिल्पों का संरक्षण संवर्द्धन व प्रचार–प्रसार तथा इन्हें पर्यटन से जोड़ने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद का गठन किया गया है।
5. प्रदेश में औद्योगिक विकास के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित ख्याति प्राप्त उद्यमी संगठनों से समय–समय पर सुझाव आमंत्रित किये जाते हैः–
   1. इण्डियन इण्डस्ट्रीज एशोसियेशन
   2. कुमाऊँ–गढवाल चैम्बर आफ कामर्स इण्डस्ट्रीज
   3. उत्तरांचल इण्डस्ट्रीज एशोसियेशन

उत्तरांचल शासन
औद्योगिक विकास विभाग
संख्याः 340/औ.वि./65–उद्योग/2004
देहरादून दिनांकः 28 फरवरी 2004

कार्यालय ज्ञाप

मिता विकास के कार्यक्रमों के विकास, नियोजन एवं क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति का गठन किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

त "राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति" के अध्यक्ष पद पर श्री जोत सिंह बिष्ट, 21–राजपुर रोड, देहरादून तथा श्री रमेश पाण्डेय, मल्लीताल, नैनीताल को उपाध्यक्ष पद पर नामित किये जाने की भी श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

संजीव चौपड़ा
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः 340(1)/औ.वि./65–उद्योग/2004, तद्दिनांकितः–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. गोपन अनुभाग, उत्तरांचल शासन।
2. प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
3. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव।
4. निदेशक, उद्योग, देहरादून।
5. संयुक्त निदेशक, उद्योग।
6. समस्त महाप्रबंधक, उद्योग, उत्तरांचल।
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
8. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
9. नामित सदस्य।

आज्ञा से,

(संजीव चौपड़ा)
सचिव।

उत्तरांचल शासन
औद्योगिक विकास विभाग
संख्याः 340/औ.वि./65–उद्योग/2004
देहरादून दिनांकः 28 फरवरी 2004
कार्यालय ज्ञाप

उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के विकास, नियोजन एवं क्रियान्वयन को गति प्रदान करने हेतु राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति का गठन औद्योगिक विकास विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 340/औ.वि./65–उद्योग/2004, दिनांकः 28 फरवरी, 2004 द्वारा किया गया है।

उक्त राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति एवं शासन को समुचित सलाह प्रदान करने के लिए श्री दिनेश थुवाल, ग्राम–नजीबाबाद, पोस्ट–सूर्यनगर (किच्छा) जनपद उद्यमसिंह नगर को उक्त समिति में सलाहकार नामित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

सलाहकार के रूप में पदीय कर्तव्यों के निर्वहन हेतु श्री थुवाल को गोपन (मंत्रीपरिषद) अनुभाग के पत्र संख्याः 830/14/1/XXI/2004, दिनांकः 15.12.2004 के अनुसार श्रेणी "ख" की सुविधाएं अनुमन्य होंगी।

संजीव चौपड़ा
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः 187/VII/65–उद्योग/2004, तद्दिनांकितः–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री दिनेश थुवाल, सलाहकार, राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति।
2. प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
3. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
4. गोपन अनुभाग, उत्तरांचल शासन।
5. निदेशक, उद्योग, उद्योग निदेशालय, देहरादून।
6. अपर निदेशक, उद्योग, उद्योग निदेशालय, देहरादून।
7. समस्त महाप्रबन्धक, उद्योग, उत्तरांचल।
8. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
9. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
10. उप निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे विज्ञप्ति को सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशित कर उसकी 60 प्रतियाँ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(संजीव चौपड़ा)
सचिव।

औद्योगिक विकास विभाग
उत्तरांचल शासन
संख्याः 778–सी/औ.वि./2006–उद्योग/2006–07
सचिवालय देहरादूनः दिनांकः 18 अप्रैल, 2006

ज्ञाप

उद्यमिता विकास के कार्यक्रमों के विकास, नियोजन एवं क्रियान्वयन को गति प्रदान करने हुतु राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति का गठन शासन के ज्ञाप संख्या 340/औ.वि./65–उद्योग/2004, दिनांकः 28 फरवरी, 2004 द्वारा किया गया है, जिसके तारतम्य में शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 3029/औ.वि./2005–उद्योग/2005–06/65–उद्योग/04 दिनांक 26 अगस्त, 2005 के द्वारा राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति में अधिकारियों को सदस्य क रूप में नामित किया गया था।

उक्त कार्यालय ज्ञाप में आंशिक संशोधन करते हुए राज्य स्तरीय उद्यमित विकास सलाहकार समिति में नामित सदस्यो के अतिरिक्त निम्न अधिकारियों को सदस्य के रूप में नामित किया जाता हैः–

1. श्री जोत सिंह बिष्ट, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति, उत्तरांचल, ई0सी0रोड, देहरादून।
2. डॉ. रमेश पाण्डेय, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति, कल्पना होटल, मल्लीताल, देहरादून।
3. श्री दिनेश थुवाल, सलाहकार, राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति, उत्तरांचल, ई0सी0रोड, देहरादून।
4. निदेशक, उद्योग, उद्योग निदेशालय, उत्तरांचल, देहरादून।
5. निदेशक, समाज कल्याण, उत्तरांचल, देहरादून।
6. निदेशक, पर्यटन, उत्तरांचल, देहरादून।
7. निदेशक, उरेडा, उत्तरांचल, देहरादून।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री जोत सिंह बिष्ट, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति, उत्तरांचल, ई0सी0रोड, देहरादून।
2. डॉ. रमेश पाण्डेय, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति, कल्पना होटल, मल्लीताल, देहरादून।
3. श्री दिनेश थुवाल, सलाहकार, राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति, उत्तरांचल, ई0सी0रोड, देहरादून।
4. निदेशक, उद्योग, उद्योग निदेशालय, उत्तरांचल, देहरादून।
5. निदेशक, समाज कल्याण, उत्तरांचल, देहरादून।

6. निदेशक, पर्यटन, उत्तरांचल, देहरादून।
7. निदेशक, उरेडा, उत्तरांचल, देहरादून।
8. निदेशक, उत्तरांचल प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तरांचल, देहरादून।
9. निदेशक, लघु उद्योग सेवा संस्थान, हल्द्वानी।
10. निदेशक, खादी ग्रामोद्योग आयोग, जी0एम0एस0 रोड़, उत्तरांचल देहरादून।
11. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, उत्तरांचल, देहरादून।
12. अध्यक्ष, इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन, मोहब्बेवाला, उत्तरांचल, देहरादून।
13. अध्यक्ष, कुमाऊँ–गढ़वाल चैम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, औ0आ0, बाजापुर रोड, काशीपुर उत्तरांचल,।
14. अध्यक्ष, गढ़वाल इण्डस्ट्रीज ऐसोसियेशन ओ0आ0 पटेलनगर, देहरादून।
15. अध्यक्ष, कन्फडरेशन आफ इण्डियन इण्डस्ट्रीज, उत्तरांचल चेप्टर, राजपुर रोडद्व नेपाल हाउस, देहरादून।
16. जोनल मैनेजर/उप महाप्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक, देहरादून।
17. वरिष्ठ महाप्रबंधक, बैंक आफ बडौदा, देहरादून।
18. सहायक महाप्रबन्धक, सिडबी, देहरादून।
19. मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड, देहरादून।
20. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
21. गार्ड–फाईन।

(संजीव चौपड़ा)
सचिव।

औद्योगिक विकास विभाग
उत्तरांचल शासन
संख्याः 3029/औ.वि./2005–उद्योग/2005–06/65–उद्योग/04
सचिवालय देहरादूनः दिनांकः 26 अगस्त, 2005

कार्यालय ज्ञाप

उद्यमिता विकास के कार्यक्रमों के विकास, नियोजन एवं क्रियान्वयन को गति प्रदान करने हेतु **"राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति"** का गठन शासन के ज्ञाप संख्या 340/औ.वि./65–उद्योग/2004, दिनांक 28 फरवरी, 2004 द्वारा किया गया है।

राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति में निम्न अधिकारियों को सदस्य के रूप में नामित किया जाता हैः–

1.	निदेशक, उद्योग, उद्योग निदेशालय, उत्तरांचल, देहरादून।	सदस्य
2.	निदेशक, पर्यटन, उत्तरांचल, देहरादून।	सदस्य
3.	निदेशक, उरेडा, उत्तरांचल, देहरादून।	सदस्य
4.	निदेशक, उत्तरांचल प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तरांचल, देहरादून।	सदस्य
5.	निदेशक, लघु उद्योग सेवा संस्थान, हल्द्वानी।	सदस्य
6.	निदेशक, खादी ग्रामोद्योग आयोग, जी0एम0एस0 रोड़, उत्तरांचल देहरादून।	सदस्य
7.	मुख्य कार्यपालक अधिकारी, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, उत्तरांचल, देहरादून।	सदस्य
8.	अध्यक्ष, इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन, मोहब्बेवाला, उत्तरांचल, देहरादून।	सदस्य
9.	अध्यक्ष, कुमाऊँ–गढ़वाल चैम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, औ0आ0, बाजापुर रोड, काशीपुर उत्तरांचल।	सदस्य
10.	अध्यक्ष, गढ़वाल इण्डस्ट्रीज ऐसोसियेशन ओ0आ0 पटेलनगर, देहरादून।	सदस्य
11.	अध्यक्ष, कन्फडरेशेन आफ इण्डियन इण्डस्ट्रीज, उत्तरांचल चेप्टर, राजपुर रोड़, देहरादून।	सदस्य
12.	जोनल मैनेजर/उप महाप्रबंधक, पंजाब नैशनल बैंक, देहरादून।	सदस्य
13.	वरिष्ठ महाप्रबंधक, बैंक आफ बडौदा, देहरादून।	सदस्य
14.	सहायक महाप्रबन्धक, सिडबी, देहरादून।	सदस्य
15.	मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड, देहरादून अथवा इनके प्रतिनिधि।	सदस्य
16.	निदेशक, उद्योग, उद्योग निदेशालय, उत्तरांचल, देहरादून।	सदस्य सचिव।

(संजीव चौपड़ा)
सचिव।

उद्योग मित्र

राज्य के उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण, उनके साथ सतत् संवाद एवं परामर्श, एवं नए उद्योगों/उद्यमियों के प्रस्तावों पर विचार हेतु राज्यस्तरीय एवं जनपद स्तरीय उद्योग मित्र का गठन किया गया है। उद्योग मित्र के गठन संबंधी शासनादेश निम्न प्रस्तुत हैः–

उत्तरांचल शासन
संख्याः 2693/औ.वि./2001–150 उद्योग/2001
औद्योगिक विकास विभाग
सचिवालय देहरादूनः दिनांकः 15 नवम्बर, 2001

कार्यालय ज्ञाप

राज्य उद्यमियों से सीधा संवाद स्थापित किये जाने तथा राज्य के औद्योगिक विकास हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विचार–विमर्श हेतु श्री राज्यपाल महोदय निम्नानुसार राज्य स्तरीय उद्योग मित्र के गठन की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। राज्य स्तरीय उद्योग मित्र की बैठकों में कार्य प्रक्रिया निर्धारित किये जाने हेतु निम्नलिखित दिशा निर्देश भी गठित किये जाते हैंः–

1.	मा. मुख्यमंत्री	अध्यक्ष
2.	मा. औद्योगिक विकास मंत्री	उपाध्यक्ष
3.	मा. वित्त मंत्री	सदस्य
4.	मा. वन एवं पर्यावरण मंत्री	सदस्य
5.	मा. शिक्षा मंत्री	सदस्य
6.	मा. लोक निर्माण मंत्री	सदस्य
7.	मा. सिंचाई मंत्री	सदस्य
8.	मा. ऊर्जा मंत्री	सदस्य
9.	मुख्य सचिव	सदस्य
10.	सचिव, औद्योगिक विकास	सदस्य सचिव
11.	सचिव, वन एवं पर्यावरण	सदस्य
12.	सचिव, लोक कल्याण विभाग	सदस्य
13.	सचिव, ऊर्जा	सदस्य
14.	सचिव, शिक्षा	सदस्य
15.	सचिव, वित्त	सदस्य
16.	सचिव, सिंचाई	सदस्य
17.	नामित तीन औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि	सदस्य
18.	राज्य के तीन लीड बैंकों के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि	सदस्य

उपरोक्त के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार अन्य सदस्यों/विशेषज्ञों को भी नामित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यदि कोई उद्यमी अपनी समस्या को व्यक्तिगत रूप से भी रखना चाहता है तो उसे भी अध्यक्ष की अनुमति से राज्य स्तरीय उद्योग मित्र की बैठक में आमंत्रित किया जा सकेगा।

राज्य स्तर पर उद्योग मित्र के कार्य निम्न प्रकार प्रस्तावित हैंः–

1. राज्य में होने वाले औद्योगिकीकरण एवं लम्बी अवधि से लम्बित मामलों की समीक्षा एवं उन पर निर्णय करना।
2. नीति विषयक मामलों तथा उन उद्योगों की विशेष समस्याओं पर निर्णय किया जाना जिनमें विभागीय स्तर पर अथवा औद्योगिक विकास परिषद में निर्णय सम्भव न हो सकें।
3. राज्य में औद्योगिक रूग्णता को दूर करने हेतु प्रस्तावों पर विचार करना एवं मार्ग निर्देशन प्रदान करना।
4. औद्योगिक विकास में बाधक नियम, अधिनियम एवं शासनादेश जिनमें शिथिलीकरण की आवश्यकता हो, से सम्बन्धित प्रस्तावों पर विचार एवं निर्णय करना।
5. ऐसे बिंदुओं/प्रस्तावों, जो औद्योगिक नीति 2001 में समाहित नहीं है किंतु उन्हें स्वीकार किया जाना औद्योगिक विकास के हित में है, पर विचार एवं निर्णय करना।

राज्य स्तरीय उद्योग मित्र की बैठक त्रैमास में ए बार आयोजित की जायेगी। बैठक का एजेण्डा निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पूर्व सभी सदस्यों को प्रेषित कर दिया जाएगा तथा बैठक से तीन दिन पूर्व सदस्यों के द्वारा अपने लिखित सुझाव समिति के सचिव को उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

बैठक में लिए गए निर्णयों को लागू करने हेतु उत्तरदायी होंगे तथा प्रगति से औद्योगिक विकास परिषद् को अवगत करायेंगे। बैठक के ऐजेण्डे का प्रारूप निम्न प्रकार होगाः–

प्रारूप–क

क्रमांक	सुझाव यदि कोई हो, का विवरण	विभाग का नाम	सुझाव में लाभ
1	2	3	4

प्रारूप–ख

क्रमांक	समस्या का विवरण	विभाग का नाम	निदान हेतु सुझाव
1	2	3	4

उपरोक्तानुसार प्रारूप–क एवं ख पर विचारोपरान्त निर्णय अंकित करते हुए कार्यवृत्त तैयार किये जायेंगे जिसकी सूचना औद्योगिक विकास परिषद् तथा निदेशक, उद्योग को दी जायेगी। प्रारूप–ग पर अनुवर्ती कार्यवाही सूचना आगी बैठक में दी जाएगी।

क्रमांक	समस्या/सुझाव	बैठक की तिथि जिसमें प्रस्तुत किये गये	अनुवर्ती कार्यवाही	समिति का निर्णय
1	2	3	4	5

एस कृष्णन,
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः 2639/सचिव/औ.वि./पी0एस0/2001 समदिनांकित।

<u>प्रतिलिपिः</u>

1. सचिव, मुख्यमंत्री को मा. मुख्यमंत्री जी के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, समस्त मा. मंत्रीगण, उत्तरांचल शासन।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव क अवलोकनार्थ।
4. शासन के समस्त प्रमुख सचिव/सचिव।
5. निदेशक, उद्योग, उत्तरांचल देहरादून को कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें एवं शासनादेश की प्रति समस्त जिला उद्योग केंद्रों एवं प्रमुख औद्योगिक संगठनों को भी कृपया उपलब्ध करायें।

आज्ञा से,

एस कृष्णन,
सचिव।

संख्या 2639/औ.वि./2001–150 उद्योग/2001
दिनांक 15 नवम्बर, 2001

प्रेषक,

सचिव,
औद्योगिक विकास,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, उद्योग,
   उत्तरांचल, देहरादून।
2. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तरांचल।
3. समस्त महाप्रबंधक,
   जिला उद्योग केंद्र,
   उत्तरांचल।

विषयः **<u>जनपद स्तरीय जिला उद्योग मित्र की स्थापना के संबंध में।</u>**

महोदय,

मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि राज्य की औद्योगिक नीति के क्रियान्वयन एवं जनपद स्तर पर उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण, उनके साथ सतत् संवाद एवं परामर्श, एवं नये उद्योगों/उद्यमियों के प्रस्तावों पर विचार हेतु राज्य के प्रत्येक जनपद में निम्नानुसार जनपद स्तरीय उद्योग मित्र के गठन का निर्णय लिया गया है।

जिला स्तर पर उद्योग मित्र का गठन निम्न प्रकार प्रस्तावित हैः–

1.	जिलाधिकारी	अध्यक्ष
2.	महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केंद्र	सदस्य सचिव
3.	मुख्य विकास अधिकारी	सदस्य
4.	व्यापार कर विभाग का जनपद का वरिष्ठतम अधिकारी (नोडल अधिकारी)	सदस्य
5.	विद्युत विभाग का जनपद का वरिष्ठतम अधिकारी	सदस्य
6.	जिला सेवायोजन अधिकारी	सदस्य
7.	अग्रणी बैंक अधिकारी	सदस्य
8.	प्रबंधक ऋण, जिला उद्योग केंद्र	सदस्य
9.	प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	सदस्य
10.	जिला ग्रामोद्योग अधिकारी	सदस्य
11.	अग्निशमन अधिकारी	सदस्य
12.	पुलिस अधीक्षक	सदस्य

13. अन्य अपेक्षित अधिकारी सदस्य
14. दो औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधित्व सदस्य

उपरोक्त के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति भी विशेष सदस्य विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है।

उद्योग मित्र की बैठक देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर तथा नैनीताल जनपदों में प्रत्येक माह तथा शेष जनपदों में दो माह में एक बार होगी।

जिला स्तरीय उद्योग मित्र के कार्यः–

जिला स्तरीय उद्योग मित्र के कार्य निम्नवत् होंगेः–

1. जिला स्तर पर उद्योगों के प्रस्तावों पर स्वीकृतियों को संबंधित विभाग द्वारा समय सीमा के अंतर्गत किए जाने की समीक्षा।
2. समयान्तर्गत जारी न होने वाली स्वीकृतियों के संबंध में एकल येज व्यवस्था के रूप में कार्य करते हुए स्वीकृतियां जारी करना एवं समयबद्ध आधार पर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
3. जनपद के उद्यमियों एवं औद्योगिक इकाइयों के लिए सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना तथा उद्यमियों की व्यक्तिगत समस्याओं के निदान हेतु कार्यवाही करना।
4. आवश्यकतानुसार राज्य स्तर पर मामलों को संदर्भित करना।
5. रूग्ण इकाइयों के संबंध में विस्तृत कार्यवाही के साथ व्यक्तिगत मामलो पर सुरपष्ट प्रस्ताव जिला स्तरीय उद्योग मित्र द्वारा निर्णीत किये जायेंगे।

कार्य प्रणालीः–

1. संबंधित जिले के महाप्रबंधक अपने कार्यालय से संबंधित स्वीकृतियों की सूचना इस प्रमाण–पत्र के साथ प्रस्तुत करेंगे कि सभी स्वीकृतियों/पंजीकरण समय से निर्गत किए गए हैं, यदि नहीं तो स्पष्ट कारण अंकित करते हुए उद्योग मित्र को सूचित करेंगे।
2. प्रत्येक स्वीकृति/पंजीकरण हेतु प्रार्थना पत्र के साथ चैक लिस्ट भी उपलब्ध करायी जाएगी।
3. अन्य सभी विभागों के संबंध में प्रत्येक विभाग प्राप्त आवेदन पत्रों की सूचना महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को इस प्रमाण पत्र के साथ कि सभी कार्यवाहियां निर्धारित समय में पूर्ण कर ली गई हैं, यदि नहीं तो उद्योग मित्र को स्पष्ट कारणों से अवगत कराना होगा। जिला स्तरीय उद्योग मित्र के कार्यवृत्त सचिव, औद्योगिक विकास को प्रेषित किये जायेंगे जिसकी समीक्षा औद्योगिक विकास परिषद तथा राज्य स्तरीय उद्योग मित्र द्वारा की जायेगी।

कृपया उपरोक्तानुसार जनपद स्तरीय उद्योग मित्र के गठन/स्थापना हेतु अग्रेत्तर कार्यवाी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें व शासनादेशों की प्राप्ति स्वीकार करें।

भवदीय,

एस0कृष्णन्
सचिव।

उत्तरांचल हथकरधा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद्

मैमोरण्डम ऑफ एसोसियेशन एवं नियमावली वर्ष 2004

उद्योग निदेशालय, उत्तरांचल
औद्योगिक आस्थान, पटेल नगर,
देहरादून।

उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद, देहरादून
नियमावली–2004

1. **सोसाइटी का नाम** उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद, देहरादून।
2. **सोसाइटी का मुख्यालय** उद्योग निदेशालय, उत्तरांचल, देहरादून।
3. **कार्यक्षेत्र** प्रदेश व देश तथा विदेश (आवश्यकतानुसार)।
4. **परिभाषयें** परिषद का तात्पर्य उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद से है।

   "अधिनियम" का तात्पर्य सोसाइटी रजिस्ट्रेशन 1860 से है। शासी निकाय से तात्पर्य परिषद के शासी निकाय से है। "अध्यक्ष" का तात्पर्य परिषद के चयनित या प्रतिष्ठित अध्यक्ष से है।

   "सदस्य सचिव" से तात्पर्य परिषद के सदस्य सचिव से है। "वित्तीय संसाधनों" से तात्पग्र ऐसी धनराशि से है, जो परिषद के उद्देश्यों की पूर्ति करेगा।

   "माह" का तात्पर्य कलैंण्डर माह से है।

   "कार्यालय" से तात्पर्य अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकरण की सील से है, जो वर्तमान में प्रयोग की जा रही है।

   "राज्यपाल"से तात्पर्य राज्यपाल उत्तरांचल से है।

   "हथकरघा/हस्तशिल्प/छीपी उद्योग" का तात्पर्य बुनकर, दस्तकारी, शिल्प कला तथा छीपी इकाइयों से है। जैसा कि राज्य/भारत सरकार द्वारा समय–समय पर परिभाषित किया जाएगा।

   "शासन" से आशय उत्तरांचल शासन से है।

5. **सोसाइटी के सदस्य** राज्यपाल द्वारा समय–समय पर जैसे नामित किए जायेंगे।
6. **परिषद की संरचना** वर्तमान में परिषद की संरचना निम्नवत् होगीः–

I.	मा. लघु उद्योग, उद्यान एवं खादी मंत्री उत्तरांचल शासन	अध्यक्ष
II.	उपाध्यक्ष शासन द्वारा नामित	सदस्य
III.	सलाहाकार शासन द्वारा नामित	सदस्य
IV.	अपर सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तरांचल शासन	सदस्य
V.	प्रतिनिधि वित्त विभाग, उत्तरांचल शासन (जो अपर सचिव स्तर से नीचे स्तर का न हो)	सदस्य
VI.	प्रतिनिधि ग्राम्य विकास विभाग, उत्तरांचल शासन	सदस्य

	(जो अपर सचिव स्तर से नीचे स्तर का न हो)	
VII.	प्रतिनिधि वन विभाग, उत्तरांचल शासन (जो अपर सचिव स्तर से नीचे स्तर का न हो)	सदस्य
VIII.	प्रतिनिधि कृषि विभाग	सदस्य
IX.	प्रतिनिधि पशु पालन विभाग	सदस्य
X.	प्रतिनिधि पर्यटन विभाग, उत्तरांचल शासन (जो अपर सचिव स्तर से नीचे स्तर का न हो)	सदस्य
XI.	कार्यकारी निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग	सदस्य
XII.	शासन द्वारा नामित हथकरघा, हस्तशिल्प क्षेत्र के राष्ट्रीय या राज्य पुरस्कार प्राप्त शिल्पी अथवा इस क्षेत्र में जाने पहचाने विशेषज्ञ।	सदस्य
XIII.	कुमाऊँ/गढ़वाल विकास निगम के प्रबन्ध निदेशक	सदस्य
XIV.	कुमाऊँ/गढ़वाल अनुसूचित जनजाति विकास निगम के महाप्रबन्धक	सदस्य
XV.	विकास आयुक्त (हथकरघा), भारत सरकार, द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य
XVI.	विकास आयुक्त (हथकरघा), भारत सरकार द्वारा नामित प्रतिनिधि	सदस्य
XVII.	अपर निदेशक, उद्योग, उत्तरांचल शासन	सदस्य
XVIII.	सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, उत्तरांचल शासन	सदस्य सचिव

7. **परिषद के संरक्षक** प्रदेश के माननीय लघु उद्योग मंत्री जी परिषद के पदेन संरक्षक होंगे।

8. **परिषद के सदस्यों को अपना प्रतिनिधि नामित करने का अधिकार** परिषद के प्रत्येक सदस्य को यह अधिकार होगा कि वहयदि स्वयं बैठक में उपस्थित न हो सके तो अपने ही विभाग का कोई प्रतिनिधि नामित कर दें। इस प्रकार नामित प्रतिनिधि को बैठक में विचारार्थ विषय पर मत देने का अधिकार होगा।

9. **सदस्यों का रजिस्टर** परिषद सभी सदस्यों का एक रजिस्टर कार्यालय में रखेगा जिसमें उनके मनोनयन की तिथि, पते, व्यवसाय हस्ताक्षर एवं टेलीफोन नम्बर आदि अंकित होंगें।

10. **पते का परिवर्तन** प्रत्येक सदस्य का यह दायित्व होगा कि यदि उसके पते में कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना परिषद के सदस्य सचिव को दे, जिसका ज्ञापन सदस्य सचिव सभी के सूचनार्थ जारी कर दिया जाएगा। यदि कोई सदस्य अपने पते में परिवर्तन की सूचना परिषद के सदस्य सचिव को नहीं देता है, तो सदस्य पंजिका में उल्लिखित उसका पता ही सही माना जाएगा। प्रत्येक सदस्य पंजिका में हस्ताक्षर करेगा तथा पंजिका में हस्ताक्षर किए बगैर वह सदस्य के

अधिकारों, विशेषाधिकारों के प्रयोग का हकदार नहीं होगा।

11. **नये सदस्यों का नामांकन** — राज्यपाल के आदेश से ही परिषद में नवीन सदस्य नामित किया जा सकेगा।

12. **सदस्यों के नामांकन को समाप्त किया जाना** — (क) यदि कोई व्यक्ति किसी पद विशेष के धारण करने के कारण परिषद का सदस्य नियुक्त या नामित किया जाता है, तो उक्त पद से हटने या स्थानान्तरित हो जाने से उस व्यक्ति की सदस्यता समाप्त हो जायेगी और इस रिक्ति को उसके प्रतिस्थानी द्वारा भरा जाएगा

(ख) मनोनीत सदस्य का कार्यकालः–

मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा, किन्तु शासन को यह अधिकार होगा कि वह इससे पूर्व भी उन्हें या उनमें से किसी को हटा सके। किसी हटाये गये सदस्य के स्थान पर नामित किए गए सदस्य का कार्यकाल हटाए गए पूर्व सदस्य की कार्यकाल की शेष अवधि तक होगा। यदि प्रथम कार्यकाल समाप्ति के पूर्व न हटा दिया गया हो तो नामित सदस्य को पुनः नामित किया जा सकेगा। मनोनीत सदस्य की सदस्यता का समापन निम्नलिखित किसी भी परिस्थिति का समापन निम्नलिखित किसी भी परिस्थिति में स्वतः हो जाएगाः–

सदस्यता की उस अवधि की समाप्ति के उपरान्त जब तक के लिए वह मनोनीत किया गया हो।

मृत्यु पर अथवा दिये गये त्याग–पत्र के स्वीकार कर लिये जाने, विक्षिप्तता, दिवालिया निर्णीत कर दिये जाने अथवा अनैतिक आचरण के अपराध मे सक्षम न्यायालय द्वारा अन्तिम रूप से दण्डित होने पर। शासन किसी भी समय किसी एक अथवा अधिक सदस्यों (पदेन सदस्यों को छोड़कर) की सदस्यता एक अथवा अधिक बार में समाप्त कर सकता है। ऐसी स्थिति में हुई रिक्तियों में सदस्यो का नामांकन इस नियमावली के प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा।

13. **सदस्यों द्वारा त्याग–पत्र दिया जाना** — यदि कोई मनोनीत सदस्य परिषद की सदस्यता से त्याग–पत्र देना चाहता है तो वह अपना त्याग–पत्र सदस्य सचिव के पास प्रेषित करेगा। जो अध्यक्ष द्वारा स्वीकार किए जाने की तिथि से प्रभावी होगा।

14. **किसी सदस्य की अनुपस्थिति का प्रभाव** — परिषद द्वारा लिए गए निर्णय किसी सदस्य की अनुपस्थिति के कारण निष्प्रभावी नहीं माने जायेंगे। इसी प्रकार किसी सदस्य का स्थान रिक्त होने की स्थिति में भी परिषद द्वारा लिया गया निर्णय निष्प्रभावी नहीं माना जाएगा। किंतु केवल वर्तमान कार्यरत सदस्यों की संख्या के कम से कम 50 प्रतिशत की उपस्थिति परिषद द्वारा

लिए गए निर्णय को वैध मानने हेतु अनिवार्य होगी।

15. **सदस्यों को यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता**

परिषद के पदेन सदस्यों को परिषद द्वारा कोई यात्रा भत्ता या दैनिक भत्ता देय नहीं होगा और इन पर होने वाले व्यय का वहन उनके संबंधित विभाग द्वारा किया जाएगा। गैर सरकारी सदस्यों को यात्रा भत्ता परिषद के तथा दैनिक भत्ता राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी अधिकारियों के लिए अनुमन्य दर पर प्राधिकर द्वारा देय होगा।

16. **शासी निकाय**

राज्यपाल द्वारा नियम 7 में गठित परिषद ही शासी निकाय के रूप में कार्य करेगा। परिषद का शासी निकाय ही आम समिति के रूप में आगे अंकित नियमों के अधीन कार्य करेगा। जो नियम आगे आने वाली धाराओं में अंकित किये गये हैं वे ही परिषद के कार्यकलाप के संचालन हेतु नियमों के रूप में प्रयोग किए जायेंगेः–

(अ) शासी निकाय में परिषद जैसे कि नियम संख्या–7 में अंकित है के सभी सदस्य भाग लेंगे।

(ब) शासी निकाय अपना कार्य सामानय रूप से करतारहेगा, भले ही किसी सदस्य के या उसके कार्यालय केद्वारा उत्पन्न किये गये किसी कारण से वह सदस्य बैठक में उपस्थित न हो सका हो। ऐसे सदस्य की अनुपस्थिति में शासी निकाय द्वारा लिया गया निर्णय अवैध नहीं माना जायेगा। यही नियम सदस्य सूची में कोई स्थान रिक्त होने की स्थिति में भी लागू माना जाएगा।

17. **शासी निकाय के अधिकार**

जब तक अन्यथा कुछ निर्णीत नहीं किया जाता, परिषद के समस्त अधिकार शासी निकाय में निहित होंगे, जिसका क्रिर्यान्वयन सामान्य बैठक के माध्यम से निर्णय लेते हुए किया जाएगा। समस्त दायित्व अधिकार कार्यकलापों का क्रिर्यान्वयन परिषद के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु शासी निकाय के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेंगे, बशर्ते कि इनमें कोई परिवर्तन उत्तरांचल शासनद्वारा नहीं किया जाता।

16	Industrial gases (based on atmospheric fraction)			
17	Handicarafts			
18	Non-timber forest products based industries.			

SI. No	Activity	Excise Classification	Sub-class under NIC Classification 1998
1	Tobacco and Tobacco products including cigarettes and pan masala	24.10 to 24.04 & 21.06	1600
2	Thermal Power Plant (coal/oil based)		40102/40103
3	Coal washeries/coal processing		
4	Inorganic Chemicals excluding medicinal grade oxygen (2804.11). Medicinal grade hydrogen peroxide (2847.11). Compressed air (2851.30)	Chapter-28	
5	Organic chemicals excluding provitamins/vitamins, Hormones (29.36). Glycosides (29.39). Sugars (29.40).	Chapter-29	24117
6	Tanning and dyeing extracts, tanins and their derivatives, dyes, colours, paints and varnishes, putty, fillers and other mastics, inks.	Chapter-32	24113/24114
7	Marble and mineral substances not classified elsewhere	25.04 25.05	14106/14107
8	Flour mills/ricce mills	11.01	15311
9	Foundries using coal		
10	Minerals fuels, mineral oils and products of their distillation. Bituminous substances mineral waves	Chapter-27	
11	Synthetic rubber products	40.02	24131
12	Cement clinkers and asbestors, raw including fiber.	2502.10 2503.00	
13	Explosive (including industrial explosives, detonators&fuses, fire works, matches, propellant powders, etc.	36.01 to 36.06	24292

14	Mineral or chemical fertilisers	31.02 to 31.05	2412
15	Insecticides, fungicides&pesticides (basic manufacture and formulation)	3808.01	24211/24219
16	Fibre glass&artieles thereof	70.14	26102
17	Manufacture of pulp-wood pulp, mechanical or chemical (including dissolving pulp)	47.01	21011
18	Branded aerated water/soft drinks (non-fruit based)	2201.20 2202.20	1554/15542
19	Paper Writing or printing paper, etc Paper or paperbord, etc. Maplitho paper, etc. News print, in rolls or sheets Craft papet, etc. Sanitary towels.etc. Gigaretter paper Grease-proof paper Toilet or facial tissue, etc. Paper & paperboard, laminated internally with bitumen, tar or asphalt carbon or similar copying paper Products consising of sheets of paper paperbord, inpregnated, coated or covered with plastic, etc. Paper and paperboard, coated impregnated or covered with wax, etc.	4801 4802.10 4802.20 4802.30 4801.00 4804.10 4818.10 48.13 4806.10 4803 4807.10 4809.10 4811.20 4811.40	21011 to 21019
20	Plastic and articles thereof	39.09 to 39.15	

Serial No: 5 Reproduction by synthesis not allowed as also downstream industries for sugar.

केन्द्रीय पूँजी उपादान
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग)
अधिसूचना
देहरादून, 22 अप्रैल, 2003

फा0सं. 1(10)/2001–एन0आर0–भारत सरकार ने उत्तरांचल और हिमाचल प्रदेश राज्यों में औद्योगिक विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से इन राज्यों में औद्योगिक एककों हेतु केन्द्रीय अनुदान अथवा राजसहायता की निम्नलिखित योजना बनाईः

संक्षिप्त नामः– यह योजना केन्द्रीय पूंजी निवेश राजसहायता योजना, 2003 कहलायेगी।

योजना का प्रारम्भ और अवधिः– यह योजना 7 जनवरी. 2003 से प्रभावी होगी तथा 06. 01.2013 तक प्रवृत्त रहेगी।

योजना का लागू होनाः– यह योजना उत्तरांचल और हिमाचल प्रदेश के लिए अनुमोदित विकास केन्द्रों में उन सभी औद्योगिक एककों में और नई औद्योगिक एककों अथवा उनके विकास केंद्रों में पर्याप्त विस्तार अविा औद्योगिक अवसंरचनात्मक विकास केंद्रों (आई0आई0डी0सी0) अथवा उत्तरांचल और हिमाचल प्रदेश राज्यों द्वारा स्थापित औद्योगिक एस्टेटों/पार्कों/निर्यात संवर्धन क्षेत्रों और वाणिज्यिक संपदाओं तथा इन विकास केंद्रों से बहार स्थापित तथा अन्य अभिज्ञात स्थापना स्थलों के विनिर्दिष्ट जोर दिये जाने वाले उद्योगों (अनुबंध के अनुसार) में नये औद्योगिक एककों अथवा उनके पर्याप्त विस्तार में भी लागू रहेगी।

पात्रता की अवधिः– यह राजसहायता पात्र औद्योगिक एकक के लिए योजना की अवधि के दौरान वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तारीख से दस वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध होगी।

परिभाषाएंः–

(क) "औद्योगिक एकक" से अभिप्रेत है कोई भी औद्योगिक एकक जिसमें विनिर्माणकारी कार्यकलाप किया जा रहा हो अथवा लघु उद्योग मंत्रालय के दिनांक 30.09.1991 के पत्र संख्या 2(3)/91–एस0एस0आई0बी0डी0 में यथा परिभाषित एक उपयुक्त सेवा एकक जो सरकार द्वारा विभागीय रूप से चलाया जा रहा है।

(ख) "नया औद्योगिक एकक" से वह औद्योगिक एकक अभिप्रेत है जिसको स्थापित करने के लिए प्रभावपूर्ण कार्यवाही 7 जनवरी, 2003 से पूर्व नहीं की गई थी।

(ग) "विद्यमान औद्योगिक एकक" से वह औद्योगिक एकक अभिप्रेस है जो 7 जनवरी, 2003 को विद्यमान है।

(घ) "पर्याप्त विस्तार" से क्षमता के विस्तार/आधुनिकीकरण और विविधीकरण के प्रयोजन के लिए किसी औद्योगिक एकक के संयत्र तथा मशीनरी में स्थिर पूंजी निवेश के मूल्य में 25 प्रतिशत से अन्यून की वृद्धि अभिप्रेत है।

(ड) "प्रभावी उपाय" से निम्नलिखित कार्यवाहियों में से एक या अधिक उपाय अभिप्रेत हैं:–

1. कि औद्योगिक एकक के लिए जारी पूंजी का 10 प्रतिशत अथवा अधिक प्रदत्त किया जा चुका है।
2. कि विनिर्माणकारी कार्यकलाप के लिए अपेक्षित फैक्ट्री बिल्डिंग का कोई भी हिस्सा निर्मित कर दिया गया है।
3. कि औद्योगिक एकक के लिए अपेक्षित किसी संयत्र तथा मशीनरी हेतु निश्चित आर्डर दे दिया गया है।

(च) "स्थिर पूंजी निवेश" से इस योजना के प्रयोजन के लिए संयंत्र तथा मशीनरी में निवेश अभिप्रत है।

6. **स्वीकार्य राजसहायता की सीमाः–** विकास केंद्रों में स्थापित सभी पात्र औद्योगिक एककों अथवा आई0आई0डी0सी0 अथवा उत्तरांचल और हिमाचल प्रदेश में स्थापित औद्योगिक संपदाओं/पार्कों/निर्यात संवर्धन क्षेत्रों को उनके नये एककों के संबंध में उनके निवेश की 15 प्रतिशत की दर पर पूंजीगत निवेश राजसहायता दी जायेगी अथवा संयत्र तथा मशीनरी में पर्याप्त विस्तार के संबंध में अतिरिक्त निवेश दिया जायेगा जिसकेक अधिकतम सीमा 30 लाख रुपये होगी।

6.1 उत्तरांचल और हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित नये औद्योगिक एककों अथवा अन्य विकास केंद्रों में उनके पर्याप्त विस्तार अथवा आई0डी0सी0 अथवा औद्योगिक एस्टेट/पार्क/निर्यात संवर्धन क्षेत्रों और वाणिज्यिक संपदाओं में भी इसी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जायेगी। इन विकास केंद्रों से बाहर तथा अन्य अभिज्ञात स्थापना स्थलों में स्थापित विनिर्दिष्ट जोर दिये जाने वाले उद्योगों (अनुबंध के अनुसार) में नए औद्योगिक एकक अथवा उनका पर्याप्त विस्तार भी इसी प्रकार के वित्तीय प्रोत्साहनों के पात्र होंगे।

7. **संयंत्र तथा मशीनरीः–** संयंत्र तथा मशीनरी के मूल्य की गणना करने में स्थापना स्थल पर पूर्ण रूप से स्थापित हो जाने पर औद्योगिक संयंत्र तथा मशीनरी की लागत को हिसाब में लिया जायेगा जिसमें टूल, जिग्स, डाइयां तथा मोल्ड्स जैसे उत्पादक उपकरणों की लागत, बीमा प्रीमियम और उनकी परिवहन लागत भी शामिल होगी।

7 (क) कच्चे माल के परिवहन तथा तैयार उत्पादों के विपणन हेतु वास्तविक रूप से उपयोग की गई राशि को, माल लाने ले जाने में निवेश की गई राशि के बराबर ही हिसाब में लिया जायेगा।

7 (ख) कच्चे माल तथ अन्य उपभोज्य भंडारों सहित कार्यशील पूंजी को संयंत्र तथा मशीनरी के मूल्य की गणना करते समय शामिल नहीं किया जायेगा।

8. **राजसहायता के संवितरण हेतु विनिर्दिष्ट एजेंसीः–** पूंजी निवेश राजसहायता के संवितरण हेतु विनिर्दिष्ट एजेंसी को राज्य सरकारों के परामर्श से अधिसूचित किया जायेगा।

9. **पूंजी निवेश राजसहायता का दावा करने हेतु प्रक्रियाः–** उक्त योजना के तहत राजसहायता के लिए पात्र औद्योगिक एककों को नये एककों को स्थापित करने अथवा विद्यमान एककों का पर्याप्त विस्तार करने के लिए प्रभावी कदम उठाने से पूर्व राज्य औद्योगिक विभाग में अपने आपको पंजीकृत कराना होगा तथा निवेश राजसहायता के दावों में अपने एककों की संयंत्र तथा मशीनरी में उनके द्वारा की जाने वाली कुल अतिरिक्त संभावित स्थिर पूंजी का अपना निर्धारण दर्शाना होगा।

10. **पूंजी निवेश राजसहायता के संवितरण हेतु प्रक्रियाः–** राज्य सरकार प्रत्येक मामले के सम्बन्ध में राजसहायता की स्वीकृति और उसकी मात्रा के बारे में अर्हता पर निर्णय लेने के लिए एक समिति गठित करेगी, जिसमें राज्य वित्त विभाग और राज्य उद्योग निदेशालय का एक–एक प्रतिनिधि तथा यदि औद्योगिक एकक की सहायता वित्तीय संस्थान करता है, तो सम्बन्धित वित्तीय संस्थान के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

10.1 वित्तीय संस्थानों अथवा राज्य सरकार से सहायता के बिना स्थापित नये औद्योगिक एकक के सम्बन्ध में एकक को राजसहायता विनिर्दिष्ट की गई एजेंसी द्वारा एकक के उत्पादन शुरू करते समय राज्य सरकार की सिफारिश पर वितरित की जायेगी। इसी तरह राज्य सरकार के वित्तीय संस्थानों के बिना सहायता प्राप्त विद्यमान औद्योगिक एकक द्वारा उसके पर्याप्त विस्तार के सम्बन्ध में एकक को राज्य सहायता विनिर्दिष्ट की गई एजेंसी द्वारा राज्य सरकार की सिफारिश पर एकक में पर्याप्त विस्तार किये जाने और एकक द्वारा बढ़ाया गया उत्पादन शुरू कर दिये जाने के पश्चात दी जायेगी। तथा ऐसे मामलों में जहां सम्बन्धित राज्य सरकार सरकारी निधियों के सुरक्षा के बारे में संतुष्ट है, अनुमानित राजसहायता की आधे से अधिक राशि एकक के उत्पादन शुरू होने से पूर्व उद्यमी द्वारा राज्य उद्योग निदेशालय की संतुष्टि के अनुरूप प्रभावी कदम उठाये जाने सम्बन्धी एक प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही जारी की जाए तथा शेष राशि एकक द्वारा उत्पादन शुरू होने के पश्चात् ही जारी की जाए।

10.2 राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त औद्योगिक एकक के संबंध में राजसहायता राज्य सरकार की सिफारिश पर विनिर्दिष्ट की गई एजेंसी द्वारा वितरित की जायेगी। ऐसे मामलों में राज्य सरकार तथा सम्बन्धित एकक के बीच एक अनुबंध/करार किया जाए, जिसमें गिरवी शपथा राजसहायता की राशि तक परिसम्पत्तियों को गिरवी रखना शामिल हो। वित्तीय संस्थान से सहायता प्राप्त नये औद्योगिक एकक अथवा विद्यमान औद्योगिक एकक पर्याप्त विस्तार के संबंध में एकक को राजसहायता उतनी ही किस्तों में वितरित की जायेगी जैसे कि वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋण वितरित किया जाता है तथा साथ ही साथ विनिर्दिष्ट की गई एजेंसी से वित्तीय संस्थान द्वारा दावा किया जाए। ऐसे मामलों में वित्तीय संस्थान सम्बन्धित एकक के बीच अनुबंध/करार कर लिया जाए जिसमें गिरवी/शपथ/सम्बन्धित वित्तीय संस्थाओं द्वारा अग्रिम राशि तक एकक की परिसम्पत्तियों को गिरवी रखना तथा राजसहायता शामिल हों।

11. **केन्द्र/राज्य सरकार/वित्तीय संस्थानों के अधिकारः–** यदि केन्द्रीय सरकार/सम्बन्धित राज्य सरकार/वित्तीय संस्थान इस बात से संतुष्ट है कि किसी औद्योगिक एकक ने राजसहायता अथवा अनुदान किसी आवश्यक तथ्य के बारे में मिथ्याकथन, मिथ्या जानकारी प्रस्तुत करके प्राप्त किया है अथवा यदि वह एकक प्रारम्भ होने से पांच वर्ष के अंदर उत्पादन बंद कर देता है तो केंद्र सरकार/सम्बन्धित राज्य सरकार/वित्तीय संस्थान सम्बन्धित एककों को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात अनुदान अथवा राजसहायता वापिस करने के लिए कह सकते हैं।
12. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग/सम्बन्धित राज्य सरकार/वित्तीय संस्थान का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना औद्योगिक एकक के किसी भी स्वामी को, संपूर्ण अनुदान अथवा राजसहायता या उसका कोई भाग प्राप्त करने के पश्चात उस सम्पूर्ण औद्योगिक एकक या उसके किसी भाग के स्थापना स्थल को बदलने के लिए या उत्पादन प्रारम्भ करने के पश्चात पांच वर्ष की अवधि के अंदर अपने कुल निर्धारित पूंजी निवेश में प्राप्त संक्षेपन अथवा इसके पर्याप्त भाग का निपटान करने के लिए अनुमति नहीं दी जायेगी।
13. उन सभी एककों के संबंध जिनको अनुदान अथवा राजसहायता का वितरण सम्बन्धित वित्तीय संस्थान/राज्य सरकार द्वारा किया जाता है, इस आशय का प्रमाण–पत्र कि अनुदान अथवा राजसहायता का उपयोग उन प्रयोजनों के लिए किया गया है जिनके लिए वह दी गयी है, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग को सम्बन्धित वित्तीय संस्थान/राज्य सरकार द्वारा उस तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर दिया जायेगा, जिस तिथि को अंतिम किस्त/पूरी रकम प्राप्त हुई हो।
14. अनुदान अथवा राजसहायता प्राप्त करने के पश्चात् प्रत्येक औद्योगिक एकक उत्पादन प्राप्त करने के पश्चात् पांच वर्ष की अवधि के लिए अपने कार्यकलापों के बारे में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग/राज्य सरकार (जैसा विनिर्दिष्ट किया जायेगा) को वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

एस. जगदीशन,
संयुक्त सचिव।

No.SIDCUL/October, 30/101 **Date: 30 October, 200**

To

The Managing Director,
SIDCUL

Joint Director Industries.

All General Managers,
Distt. Industries Centre.

All Industry Associations.

Sub: <u>Certification of capacity and Investment for thef purpose of the Concessional Industrial Package and New Industrial Policy, 2003 and benefits there under.</u>

Dear Sir,

The Govt, has beeb pleased to decide that for the purpose of certifying existing capacity, existing investment capacity enhancement, additional investment etc. The following steps shall suffice for official purposes:

(i) Certificate of Chartered Engineer certifying capacities and expansion (enclosing list of value of machinery);
(ii) Certificate of Chartered Accountant to certify investments (enclosing list of investment sectorally&for what purpose);
(iii) Affidavit of the promoter along with an undertaking that he has read the clauses of the scheme and is furnishing true facts accordingly;
(iv) Intimation to DIC with a copy to SIDCUL, stating the name of thef unit, khasra number, location product, existing capacity&investment, proposed expansion in capacity and investment, source of finance, list of machinefry of sectors in which investment is proposed time limit for undertaking the said work etc;
(v) All the other formalities stipulated in the Capital Investmefnt Scheme etc. of Govt. of India shall also be adhered to.

The concerned General Managers, Distt. Industry Centres shall be maintaining the true record of these formats and shall also be making sample check of 5% at random.

Yours faithfully

(Sanjeev Chopra)
Secretary (ID)

Note: Chartered Engineer and Chartered Accountant shall also certify that the have gone through the contents of the scheme and cefrtifying the capacity as required under the schem.

संख्या 177/औ.वि./उद्योग/03–04

प्रेषक,

सचिव,
औद्योगिक विकास,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

निदेशक उद्योग,
उत्तरांचल,
देहरादून।

औद्योगिक विकास विभाग देहरादून दिनांक 29 जनवरी, 2004

विषयः पूंजीगत निवेश उपादान स्वीकृत करने हेतु राज्य/जिला स्तरीय समिति का गठन एवं अधिकारों का प्रतिनिधायन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 2180/औ.वि.–के0यू0उ0 दिनांक 29.01.2004 के संदर्भ में मुझे कहने का निर्देश हुआ है कि पूंजीगत निवेश उपादान स्वीकृत करने हेतु राज्य स्तरीय समिति का गठन निम्न प्रकार से किया गया हैः–

1.	सचिव, औद्योगिक विकास, उत्तरांचल शासन	अध्यक्ष
2.	अपर सचिव, वित्त, उत्तरांचल शासन	सदस्य
3.	संयुक्त सचिव, भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन) द्वारा नामित प्रतिनिधि, जो अनुसचिव स्तर से कम न हो।	सदस्य
4.	प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल	सदस्य
5.	सम्बन्धित वित्तीय संस्था के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि (यदि इकाई अनुमोदित वित्तीय संस्था से वित्त पोषित हो)	सदस्य
6.	अपर निदेश/संयुक्त निदेशक उद्योग, उद्योग निदेशालय, उत्तरांचल	सदस्य सचिव

2. इसी प्रकार के जिला स्तर पर पूंजीगत निवेश उपादान स्वीकृत करने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन निम्न प्रकार किया गया हैः–

1.	जिलाधिकारी	सदस्य
2.	जनपद के वरिष्ठ कोषाधिकारी	सदस्य
3.	जिला अग्रणी बैंक अधिकारी/सम्बन्धित वित्तीय संस्था के जिलास्तरीय प्रतिनिधि	सदस्य

4. प्रभारी महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र सदस्य

3. राज्य सरकार सतद्धारा जिला स्तरीय समिति को रू. 1.50 लाख तक उपादान धनराशि स्वीकृत करने के अधिकार प्रतिनिधानित करती है। रू. 1.50 लाख से अधिक उपादान धनराशि के दावे सम्बन्धित प्रभारी महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक द्वारा राज्य स्तरीय समिति को स्वीकृति हेतु संस्तुति संदर्भित किये जायेंगे।

4. लघु स्तरीय उद्योगों का केन्द्रीय पूंजीगत निवेश उपादान योजनान्तर्गत पंजीकरण करने का अधिकार स्म्बन्धित जिला उद्योग केन्द्र में निहित होगा तथा लघु स्तरीय उद्योगों के अतिरिक्त अन्य सभी एकक एवं वृहत् व मध्यम स्तरीय औद्योगिक एककों का पंजीकरण उद्योग निदेशालय स्तर पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

भवदीय

संजीव चोपड़ा
सचिव।

संख्या /औ.वि./03–04/तद्दिनांकित
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
2. समस्त महा प्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, उत्तरांचल।
3. प्रबन्ध निदेशक, उत्तरांचल राज्य औद्योगिक विकास निगम लि., देहरादून।
4. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तरांचल।
5. जिला अग्रणी बैंक अधिकारी, उत्तरांचल।
6. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग), उद्योग भवन, नई दिल्ली को विज्ञप्ति संख्या 1(10) 2001–एन0ई0आर0, दिनांक 8 जनवरी, 2003 के अनुपालन में।

संजीव चोपड़ा
सचिव।

DIRECTORATE OF INDUSTRIES
UTTARANCHAL

APPLICATION FORM FOR REGISTRATION UNDER THE CENTRAL CAPITAL INVESTMENT SUBSIDY SCHEME -2003

(a) Name of the industrial unit :

(b) Office address with telephone no. :

(c) Factory address with telephone no. :

(d) Whethefr the unit is located in the areas as specified in the notification of G.O.I. dated 07.01.03, if yes, please specify :

(e) If the proposed/Expansion unit falls under the specified thrust industries, if yes, please specify :

Constitution of thfe unit (please specify, whethefr Proprietor/ Partnership/ Private Limited/ Limited Company/ Co-operativfe Society) :

(a) Name (s), address (es) of thef Proprietor/Partners/ Directors of the Board of Directors/Secretary and President of thef Co-operativfe Society/Trustee :

(b) Date of Registration under the Companies Act/or the concerned Act (Act should Be clearly stated) :

(c) Registered Head Officce of the company :

Details of Registration of thef Unit :

(a) SSI Registration

(i) Provisional Registration No. :

(ii) Permanent Registration No. :

(b) Number and date of industrial licencce/lettefr of Intent/Industrial Entrepreneurs Memorandom :

Name of the product of manufacture/Activity :

(a) New/Proposed unit :

(b) Substantial expansion unit-Before expansion :
-After expansion

(a) Whether the unit is new expansion :

(b) * Details of effective steps taken for establishment of new/ substantial expansion of the unit :

* Substantial expansion as defined in G.O.I. notofication dated 08-03-2003 Vide para- 5(d)/

Details		Prior to 7.1.2003	After 7.1.2003
(i)	Total capital issue (Rs.)		
(ii)	Capital issued paid up (Rs.)		
(iii)	% of capital issued paid (Rs.)		
(iv)	State of construction of factory building repuied for manufacturing activity		
(v)	State of placement of order for pland & machinery (in Rs.)		

(b) Expected date of commencement of production in case of proposed/ new/ under expansion unit :

6. Details of Capital Investment:

		For proposed/ new unit (Please specify Actual or Proposed investment)	For existing unit undergoin expansion (Please specify actual Proposed investment)		
			Prior expansion upto 7-1-2003	Expansion after 7-1-2003	% Increase
(a)	Land				
(b)	Building				
	(i) Office Building				
	(ii) Factory				
(c)	*Plant&Machinery				
(d)	*Accessories/ Productive equipments				
(e)	Installation and electrification				
(f)	Preliminaty & Preopefrative exp.				
(g)	Miseellancous fixed assets (Goods Carrier etc.)				
(h)	Goods Carrier				
TOTAL'					

7. (i) Means of Finance:

		For proposed/new unit (Please specify Actual or Proposed investment)	For existing unit Undergoing expansion (Please specify Actual or Proposed Investment)	
			Prior Expansion	Aftefr Expansion
(a)	Own Capital			
(b)	Financial Institution/ Bank			
	1 Term Loan			
	2 Working capital			
(c)	Other sources			

*As specified in para-7 of the G.O.I. s notification dated 8-1-2003

(ii)	Name of Bank/ Financial Institution from where Term Loan/ Working Capital Obtained and Account no.			

8. Proposed/Working employment position in the unit:

Sl. No.	Category	Nos.
1.	Manaagerial	
2.	Supefrvisory	
3.	Skilled	
4.	Semi Skilled	
5.	Others	

9. Tentative Assessment of Capital Invefstment Subsidy:

Particulars		**Total value in Rs.**	
(a)	The cost of insustrial plant & machinery erected or likely to be erected at site		
(b)	Cost of productive equipment, such as tools, Jigs, dies and moulds, insurance premium and their transportation cost		
(c)	Cost of goods carrier as admissible under		

REPORT OF THEF RECOMMENDING AUTHORITY

Certified that the informations furnished by the unit M/s.....for grant of CIS Registration found correct and acceptable with the following modifications.

1.

2.

Recommended/Non-Recommended for CIS Registration due to the following reasons: -

1.

2.

Date:

Signature of the Recommending Authority,
Designation and Seal.

Place:

CIS Registration Certificate

The application has beeb accepted for registration under the Central Capital Invfestment Subsidy Scheme, 2003 and the Registration No. Given is.....Dated.....

Signature of the Registration Authority
Directorate of Industries, Uttaranchal/
District Industries Centre.

केन्द्रीय परिवहन उपादान

वाणिज्य उद्योग मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 25–5–2000 से यह योजना पूर्ववर्ती राज्य उ.प्र. के समय आठ पहाड़ी जिलों (वर्तमान में उत्तरांचल) के लिए 1–4–2000 से 31–3–2007 तक के लिए और बढ़ाई गई है।

भारत सरकार द्वारा संचालित उक्त योजनान्तर्गत औद्योगिक इकाई को निकटस्थ रेल शीर्ष से इकाई के कार्यस्थल तक कच्चा माल लाने एवं तैयार माल निकटस्थ रेल शिर्ष तक ले जाने पर निर्धारित दरों के अनुसार हुये परिवहन व्यय का 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति केन्द्रीय परिवहन उपादान योजना के अन्तर्गत की जाती है। परिवहन उपादान की प्रतिपूर्ति स्वीकृति जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा तथा राज्य स्तर पर सचिव औद्योगिक विकास, उत्तरांचल शासन की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाती है। स्वीकृति के पश्चात उपादान की प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।

उत्तरांचल शासन
औद्योगिक विकास विभाग, उत्तरांचल
संख्या/132/औ.वि. 242–उद्योग/2002
दिनांक 25 फरवरी, 2003

केन्द्र सरकार की केन्द्रीय परिवहन उपादान योजना के दावों की स्वीकृति के लिए पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश मे जनपद स्तरीय एवं मण्डल स्तरीय समितियां गठित की गई थी। उत्तरंचल राज्य गठन के उपरान्त शासन द्वारा कार्यालय ज्ञाप संख्या 2911/औ.वि.–308–उद्योग/2002, दिनांक 26 फरवरी, 2002 के द्वारा मण्डल स्तरीय समिति का पुनर्गठन किया गया था। पुनः कार्यालय ज्ञाप संख्या 122/औ.वि. –1–उद्योग/2002, दिनांक 09 जुलाई, 2002 द्वारा समिति का पुनः पुनर्गठन किया गया।

शासन द्वारा विचारोपरान्त उपरोक्त कार्यालय ज्ञाप द्वारा पुनर्गठित मण्डल स्तरीय समिति को अतिक्रमित करते हुये राज्य स्तरीय समिति का गठन एतद्द्वारा निम्नवत किया जाता है।

1.	प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास	अध्यक्ष
2.	प्रमुख सचिव/सचिव वित्त अथवा उनके वरिष्ठ प्रतिनिधि	सदस्य
3.	औद्योगिक विकास मंत्रालय, भारत सरकार का प्रतिनिधि	सदस्य
4.	सचिव, परिवहन उत्तरांचल शासन	सदस्य
5.	सम्बन्धित मण्डलायुक्त	सदस्य

6.	अपर सचिव/अपर निदेशक, उद्योग	सदस्य
7.	महाप्रबन्धक, सम्बन्धित जिला उद्योग केन्द्र	विशेष आमंत्री
8.	सम्बन्धित सम्भागीय परिवहन अधिकारी	विशेष आमंत्री
	योजना सम्बन्धी अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।	

एस. कृष्णन,
प्रमुख सचिव।

पृष्ठांकन संख्या 132/औ.वि.–1/तद्दिनांकित

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, उत्तरांचल देहरादून।
2. अपर सचिव, औद्योगिक विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
3. प्रमुख सचिव, वित्त, औद्योगिक विकास उत्तरांचल शासन।
4. प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तरांचल शासन।
5. सचिव, परिवहन, उत्तरांचल शासन।
6. मण्डलायुक्त, गढवाल मण्डल/कुमाऊँ मण्डल।
7. निजी सचिव, मा. लघु उद्योग मंत्री जी, उत्तरांचल।
8. निजी सचिव, मा. राज्य मंत्री औद्योगिक विकास।
9. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
10. नियोजन विभाग, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
11. निदेशक, उद्योग, उद्योग निदेशालय, देहरादून।
12. संयुक्त निदेशक उद्योग, पटेल नगर, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त शासनादेश की प्रति समस्त जिला उद्योग केन्द्रों/ जिलाधिकारियों/ औद्योगिक संगठनों/क्षेत्रीय विकास अधिकारियों को अपने स्तर से वितरित करें।
13. गोपन अनुभाग, सचिवालय, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
14. समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी।
15. उप निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रुड़की से आगामी गजट में प्रकाशनार्थ हेतु प्रेषित।
16. वित्त अनुभाग–3, उत्तरांचल शासन।
17. गार्ड पत्रावली हेतु।

पराग गुप्ता,
अपर सचिव।

प्रधानमंत्री रोजगार योजना
(PMRY)

भारत सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु जिला उद्योग केन्द्रों के माध्यम से चलाई जा रही है।

स्वीकार्य परियोजनाऐंः– आर्थिक दृष्टि से उपयोगी कोई भी उद्योग, सेवा व व्यवसाय सीधे कृषि कार्य जैसे फसल उगाने का कार्य व खाद आदि का क्रय अनुमन्य नहीं है।

पात्रताः–

1. **शैक्षिक योग्यताः**– कक्षा 8 से पास अथवा आई0टी0आई0/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अनुमोदित ट्रेड में कम से कम 6 महीने की अवधि का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो।
2. **आयुः–** सामान्य वर्ग के लिए 18 से 35 वर्ष, अनुसूचित जाति/जनजाति, भूतपूर्व सैनिक, महिला वर्ग व शारीरिक रूप से विकलांगों के लिये 18 से 45 वर्ष तक। उत्तरांचल राज्य में भारत सरकार द्वारा घोषित औद्योगि पैकेज के अन्तर्गत सामान्य वर्ग के लिये आयु सीमा 18 से 40 वर्ष तथा अनु0 जाति/जनजाति, भूतपूर्व सैनिक, महिला वर्ग व शारीरिक रूप से विकलांगों हेतु 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है।
3. **परिवारिक आयः–** समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रू. 1,00,000/– से अधिक न हो।
4. **निवासीः–** सम्बन्धित क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष से स्थाई रूप से रह रहा हो।
5. अभ्यर्थी किसी वित्तीय संस्था का चूककर्ता (डिफाल्टर) न हो। किसी सब्सिडी वाली सरकारी योजना में पहले से लाभान्वित व्यक्ति पात्र नहीं होगा।

परियोजना लागतः– सेवा एवं व्यवसाय मद में अधिकतम रु. 2,00,000/– तथा उद्योग मद में अधिकतम रु. 5,00,000/– कर दिया गया है। सेवा व्यवसाय क्षेत्र के अन्तर्गत पार्टनरशिप अथवा समूह में अधिकतम 5 व्यक्तियों हेतु रु. 10,00,000/– तथा उद्योग क्षेत्र में पार्टनरशिप अथवा समूहन्तर्गत रू. 25,00,000/– तक की परियोजनाएं सम्मिलित की जा सकती हैं।

मार्जिन मनीः– 5 प्रतिशत से 16.25 प्रतिशत तक (सब्सिडी+मार्जिन मनी अधिकतम 20 प्रतिशत की सीमा में)।

अनुदानः– 15 प्रतिशत व अधिकतम रू. 7,500/– प्रति लाभार्थी। उत्तरांचल राज्य में भारत सरकर द्वारा घोषित औद्योगिक पैकेज के अन्तर्गत अनुदान की अधिकतम सीमा रू. 15.000/– प्रति लाभार्थी है।

ब्याज दरः– बैंक की सामान्य दर पर ब्याज लिया जायेगा।

आरक्षणः– योजना में अनु0जाति/जनजाति के लिये 22.5 प्रतिशत तथा पिछड़ी जाति के लिये 27 प्रतिशत का प्राविधान है।

ऋण अदायगीः– अदायगी 3 से 7 वर्ष क बीच होगी। 6 से 18 माह तक ऋण वापसी स्थगन।

ऋण के स्रोतः– ऋण केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

कोलेटरल सिक्योरिटीः– एक लाख रुपये तक की योजना के लिये कोई कोलेटरल सिक्योरिटी नहीं है। एक लाख रुपये से ऊपर की योजना पर कोलेटरल सिक्योरिटी का प्राविधान है।

प्रशिक्षणः– इस योजना के अन्तर्गत ऋण स्वीकृति के बाद व्यवसाय हेतु 10 दिन तथ उद्योग/सेवा हेतु 20 का अनिवार्य प्रशिक्षण का प्राविधान है।

आवेदन प्रक्रिया

उक्त पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन–पत्र दो प्रतियों में सत्यापित फोटो, स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र, आयु के प्रमाण–पत्र में अंक तालिका व प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति व प्रस्तावित योजना (प्राजेक्ट रिपोर्ट) साटे कागज पर परिवार के मुखिया तथा आवेदक का शपथ–पत्र के साथ जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में अथवा क्षेत्र में सहायक प्रबन्धक कार्यदिवस में जमा कर सकते हैं। अपूर्ण आवेदन–पत्र पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

आवेदन–पत्र का प्रारूप संलग्न है।

वर्ष 2003–2004
शिक्षित बेरोजगार नवयुवकों को स्वरोजगार प्रदान करने हेतु
प्रधानमंत्री रोजगार योजना वर्ष 2003–2004 हेतु
आवेदन–पत्र का प्रारूप

1. अभ्यर्थी का पूरा नाम.....
2. पिता/पति का पूरा नाम.....
3. पूरा पता.....
   (अ) स्थाई पता.....
   .....
   (ब) वर्तमान पता.....
   .....
   (स) रोजगार/उद्योग चलाये जाने का पता.....
   .....
   (द) नगरीय क्षेत्र/विकास खण्ड का नाम.....
4. प्रार्थी की आयु (प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति सहित).....
5. शैक्षिक योग्यता.....
6. प्राविधिक योग्यता.....
7. क्या रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है.....
   यदि हां तो पंजीकृत संख्या व दिनांक.....
8. परिवार सम्बन्धी सूचनायें.....

क्र.सं.	परिवार के सदस्यों के नाम	सदस्य व्यवसाय	आमदनी प्रतिमाह	यदि किसी वित्तीय संस्था से ऋण लिया हो तो उसका विवरण
(क)	अविवाहित लाभार्थी के मामले में			
1.	पिता/			
2.	माता			
3.	भाई/बहन (अ)			
	(ब)			
(ख)	विवाहित लाभार्थी के मामले में			
	(अ) पति/पत्नी			
	(ब) बच्चे			

9. वर्तमान में अभ्यर्थी क्या कर रहा है?.....
10. रोजगार/उद्योग जो लगाया या प्रारम्भ करना चाहता है.....
11. आपके अनुसार अनुमानित लागत तथा वांछित धनराशि.....
    (प्रस्तावित योजना के साथ क्रियात्मक अनुभव विवरण भी दे).....
12. योजना लागत का 5 प्रतिशत से 12.50 प्रतिशत तक अंशदान अपने पास से लगाने को तैयार हूँ।
13. नजदीकी बैंक शाखा का नाम
14. क्या प्रार्थी अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़े वर्ग/अल्पसंख्यक का है ?
15. प्रशिक्षण (यदि किसी सरकारी संस्था से छः माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तो)
16. क्या प्रार्थी आई0टी0आई0/पॉलीटैक्निक से प्रशिक्षित है। ?
    यदि हॉ तो प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)।

मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा ऊपर दिये गये सभी विवरण पूर्णतः सत्य हैं एवं मैंने किसी भी तथ्य को छिपाने का प्रयास नहीं किया है तथा जांच के दौरान यदि कोई तथ्य गलत पाया जाता है तो मेरा प्रार्थना–पत्र निरस्त किया जा सकता है तथा आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है।

स्थान.....
दिनांक.....

प्रार्थी के हस्ताक्षर.....
प्रार्थी का नाम.....
पता.....
.....

आवेदन–पत्र तथा उसके साथ संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र
दो प्रतियों में प्रस्तुत किये जाने हैं।

1. आवेदन–पत्र (दो प्रतियों पर) अभ्यर्थी की सत्यापित फोटों चिपका दी जाये।
2. जनपद में अभ्यर्थी की तीन वर्ष से अधिक अवधि तक निवास किये जाने सम्बन्धी प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतियां, जिसमें निम्न उल्लेख किया जाये –
   (क)अभ्यर्थी की समस्त श्रोतों से वार्षिक पारिवारिक आय रुपये 40,000 से अधिक नहीं है।
   (ख)अभ्यर्थी आवेदित ऋण से पूर्व किसी भी वित्तीय संस्था (राष्ट्रीयकृत बैंक को–ओपरेटिव बैंक आदि से) प्राप्त किये गये ऋण का बकायेदार/डिफाल्टर नहीं रहा हो।
   (ग) अभ्यर्थी ने सरकार द्वारा संचालित किसी भी सब्सिडी योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त नहीं किया है।
3. जन्म–तिथि के संदर्भ में मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र तथा शैक्षिक प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतियां।

4. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के प्रमाण–पत्रों की सत्यापित प्रतियां।
5. योजनान्तर्गत व्यवसाय क्षेत्र में रू. 1.00 लाख तक तथा सेवा एवं उद्योग में रू. 2.00 लाख तक की परियोजनाएं ही अनुमन्य हैं। साझेदारी में सेवा एवं उद्योग क्षेत्र में अधिकतम रू. 10.00 लाख तक की परियोजनाएं अनुमन्य होंगी।
6. उद्योग, सेवा व्यवसाय जो करना चाहते हैं, की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट जिसमें परियोजना लागत का 80 प्रतिशत बैंक ऋण तथा 20 प्रतिशत धनराशि में अधिकतम देय सब्सिडी रुपये 15,000/– तथा शेष धनराशि द्वारा मार्जिन मनी के रूप में लगाई जायेगी।
7. प्राविधिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिया।
8. प्राविधिक योग्यता, शैक्षिक योग्यता कक्ष–8 उत्तीर्ण होनी चाहिए तथा सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष, अनुसूचित जाति, जनजाति, विकलाग भू0पू0 सैनिक एवं महिलाओं के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष तक होनी चाहिए।
9. प्रत्यक्ष कृषि क्षेत्र की परियोजनाओं को छोड़कर अन्य सभी परियोजनाओं पर ऋण की सुविधा उपलब्ध होगी।

कार्यालय प्रयोग हेतु

शाखा प्रबन्धक

.....

.....

श्री.....पुत्र/पत्नी/पुत्री श्री.....
निवासी.....जनपद देहरादून के हित में.....
.....उद्योग/सेवा/व्यवसाय हेतु अंकों में.....
शब्दों में.....में ऋण रुपये.....
.....के रूप में दिये
जाने हेतु सरकार द्वारा गठीत कार्यदल की बैठक दिनांक.....अनुमोदन
के आधार पर संस्तुति की जाती है।

अध्यक्ष
समिति/महाप्रबन्धक,
जिला उद्योग केन्द्र,

घोषणा–पत्र
समक्ष–महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र

मैं.....पत्नी/पुत्री/पुत्र.....
निवासी.....
एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि

(क) मेरी समस्त स्रोतों से पारिवारिक वार्षिक आय रुपये 40,000 से अधिक नहीं है।
(ख) मैं आवेदित ऋण से पूर्व किसी वित्तीय संस्था (राष्ट्रीय बैंक, को–ओपरेटिव बैंक आदि से) प्राप्त किये गये ऋण का बकायेदार/डिफाल्टर नहीं हूं।
(ग) मैंने सरकार द्वारा संचालिहत किसी भी सब्सिडी सम्बन्धी योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त नहीं किया है।
(घ) मैं जनपद में विगत तीन वर्ष से अधिक अवधि से निवास कर रहा/रही हूँ।

हस्ताक्षर
नाम व पता.....
.....

भारत सरकार की क्रेडिट गारण्टी योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार योजना–प्लस के लाभार्थियों को बैंकों के माध्यम से ऋण सहायता पर एक ही बार में देय गारण्टी फीस की प्रतिपूर्ति

योजना का नाम : यह योजना प्रधानमंत्री रोजगार योजना–प्लस 2005 कहलायेगी।

योजना का प्रारम्भ : योजना 1 अप्रैल, 2005 से प्रभावी होगी।

योजना का उद्देश्य :
1. प्रधानमंत्री रोजगार योजनान्तर्गत वित्त पोषित सफल एवं अनुभवी लाभार्थियों को लघु उद्योग/लघु स्तरीय सेवा एवं व्यवसाय उपक्रमों को बैंकों के माध्यम से अतिरिक्त अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान करना।
2. बैंकों को केंद्रीय व राज्य सरकार की क्रेडिट गारण्टी फण्ड स्कीम निधि तथा अन्य प्रोत्साहन सुविधाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु प्रोहित करना।
3. बैंक सफल एवं विश्वसनीय लघु उद्यमियों को क्रेडिट ऋण आधार बढ़ाने में सक्षम हो सकेंगे।

ऋण की पात्रता :
1. प्रधानमंत्री रोजगार योजनान्तर्गत वित्त पोषित राज्य के ऐसे लाभार्थी, जो बैंक ऋण का नियमित रूप से भुगतान कर रहे हों तथा जिनका पिछले तीन वर्षों का ट्रेक रिकार्ड अच्छा हो तथा जो अपने लघु उद्योग/लघु स्तरीय सेवा एवं व्यवसाय उपक्रम की स्थापना एवं विस्तार करना चाहता हों।
2. अन्य किसी प्रकार का उद्योग, जो CGFTSI के अन्तर्गत पात्रता रखता हो, वह स्वयं ही इस योजनान्तर्गत पात्र होंगे।

लघु उद्योग/लघु उद्योग सेवा एवं व्यवसाय उपक्रम की परिभाषा :

क. <u>लघु उद्योग इकाई</u>:– किसी भी औद्योगिक उपक्रम, जिसमें संयंत्र और मशीनरी (स्वामित्व/लीज/हायर पर्चेज) में पूंजी निवेश रू. 1 करोड़ से अधिक न हों। ऐसे औद्योगिक उपक्रम, जो 13 विशिष्ट स्टेशनरी उत्पादों, 10 विशिष्ट उच्च प्रौद्योगिकी एवं निर्यातहमूलक हथकरघा तथा निटवेयर उत्पादों का निर्माण करती हों, में प्लाण्ट व मशीनरी में पूंजी विनियोजन रू. 5 करोड तक हो। ऐसे उद्योगों का विवरण परिशिष्ट–ए में दिया गया है।

ख. <u>लघु उद्योग सेवा एवं व्यवसाय उपक्रम</u>:– उद्योग

सम्बन्धी सेवाओं और व्यवसाय उपक्रम, जिनके भूमि, भवन को छोड़कर, प्लाण्ट एवं मशीनरी में अचल पूंजी निवेश रू. 10 लाख तक हो, लधु उद्योग सेवा एवं व्यवसाय उपक्रम के अन्तर्गत आयेंगे। ऐसी गतिविधियों का विवरण परिशिष्ट–बी में दिया गया है।

सहायता का स्वरूप व मात्रा : ऋण स्वीकृतकर्ता बैंक द्वारा ऋणी से स्वीकृत सहायता (टर्मलोन व कार्यशील पूंजी की तुलना में) पर एक ही बार में ली जाने वाली 2.5 प्रतिशत गारण्टी फीस की राशि, जिसकी अधिकतम सीमा रू. 50,000/– तक होगी, प्रतिपूर्ति सहायता के रूप में अनुमनय होगी।

सहायता प्राप्त करने हेतु प्रक्रिया बैक CGFTSI के अन्तर्गत आच्छादित इकाइयों के दावे त्रैमासिक रूप से तैयार कर संकलित विवरण राज्य सरकार से प्रतिपूर्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर सम्बन्धित महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र को प्रस्तुत करेंगे।

लाभ :
1. उद्यमी का ट्रेक रिकार्ड सिद्ध होना।
2. परियोजना की असफलहता की कम सम्भवना।
3. वृहत ग्राहक आधार।
4. स्थानीय संसाधनों का उपयोग।

बैंक का दायित्व :
1. CGFTSI के क्रियाकलापों का अनुपालन और सम्बन्धित इकाई का आच्छादन करना।
2. त्रैमासिक आधार पर राज्य सरकार से दावों की प्रतिपूर्ति। ऋणी से कोई गारण्टी फीस नहीं ली जायेगी तथा बैंक जिला स्तर तक नोडल अधिकारी नामित करेगा, जो दावों का संकलन कर प्रेषण करेगा।
3. सहायता प्रतिस्पर्द्धात्मक दर पर बढ़ाई जायेगी, जो PLR रेट से अधिक नहीं होगी।

अभ्युक्ति योजनान्तर्गत वित्त पोषित इकाइयों को भारत सरकार द्वारा घोषित विशेष औद्योगिक पैकेज एवं राज्य सरकार की औद्योगिक नीति, 2003 के अन्तर्गत प्राविधानित प्रोत्साहन सुविधायें एवं छूट भी नियमानुसार पात्रता पूर्ण करने पर प्राप्त होंगी।

सुख्याः 1767 / VII / 98–उद्योग / 2005

प्रेषक,

संजीव चोपड़ा,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्योग,
उद्योग निदेशालय,
उत्तरांचल, देहरादून।

औद्योगिक विकास अनुभाग देहरादून, दिनांकः 13 जून, 2005

विषयः प्रधानमंत्री रोजगार योजना प्लस–2005

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याः 399 / उ.नि.–पी.एम.आर.वाई. –प्लस / 05–06 दिनांक 09 मई. 2005 के क्रम में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि शासन द्वारा प्रदेश में दिनांक 01 अप्रैल, 2005 से भारत सरकार की क्रेडिट गारण्टी योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार योजना प्लस के लाभार्थियों को बैंकों केक माध्यम से क्रेडिट सहायता पर एक बार में देय गारण्टी फीस की प्रतिपूर्ति हेतु प्रधानमंत्री रोजगार योजना प्लस नामक प्रतिपूर्ति सहायता योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है।

2. शासन द्वारा योजना के अनुमोदित प्रारूप एवं दिशा7निर्देश पत्र के साथ संलग्न हैं। आपसे कहना है कि शासन द्वारा अनुमोदित योजना एवं दिशा–निर्देशों के अनुसार योजना का व्यपक प्रचार–प्रसार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः 1767 / VII / 98 / 2005, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषितः–

1. स्टाफ ऑफिसर–अपर मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
2. सचिव, वित्त उत्तरांचल शासन।
3. महालेखाकार, उत्तरांचल शासन।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
5. समस्त महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र उत्तरांचल।

6. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तरांचल।
7. संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, आंचलिक कार्यालय, 1–कैन्ट रोड, देहरादून।
8. निदेशक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, उत्तरांचल, सचिवालय परिसर, देहरादून को राज्य सरकार की वेबसाइट में प्रसारण हेतु।

आज्ञा से,

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

दूरस्थ एवं पिछड़े पर्वतीय क्षेत्रों में लघु, लघुत्तर उद्योगों के विकास हेतु विशेष राज्य पूंजी निवेशा प्रोत्साहन सहायता।

1. **योजना का नाम** : यह योजना उत्तरांचल राज्य विशेष राज्य पूंजी निवेश प्रोत्साहन योजना–2005 कहलायेगी।

2. **योजना का प्रारम्भ और अवधि** : यह योजना 2 अप्रैल, 2005 से 31 मार्च, 2007 तक अथवा उस अवधि तक जब तक कि उत्तरांचल शासन द्वारा इसे संशोधित/समाप्त न कर दिया जाय, लागू रहेगी।

3. **उद्देश्य** : योजना का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा उत्तरांचल राज्य के लिये घोषित विशेष प्रोत्साहन पैकेज में प्रदत्त वित्तीय सहायताओं तथा विनिर्दिष्ट क्षेत्रों से इहतर दूरस्थ एवं पिछड़े पर्वतीय क्षेत्रों में लघु/लघु स्तरीय उद्योगों तथा लघु स्तरीय सेंवा एवं व्यवसाय उपक्रमों की स्थापना को प्रोत्साहित करने, उद्योग स्थापना के लिए वित्त पोषण को बढ़ावा देने तथा लघु उद्योग क्षेत्र में स्वतः रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना प्रमुख है।

परिभाषायें

1. राज्य पूंजी निवेश सहायता उन इकाइयों को देय होगी, जो उद्योग निदेशालय (जिला उद्योग केन्द्रों), उत्तरांचल से लघु (DDI), लघुत्तर (Tiny), तथा लघु स्तरीय सेवा एवं व्यवसाय उपक्रम (SSSBE), के रूप में पंजीकृत हों। लघु/लघुत्तर उद्योगों तथा लघु स्हतरीय सेवा एवं व्यवसाय उपक्रमों की परिभाषायें वही होंगी, जो विकास आयुक्त (लघु स्तरीय उद्योग), भारत सरकार द्वारा निम्नवत् अधिसूचित एवं परिभाषित हैंः–

4. (क) लघु उद्योग– किसी भी औद्योगिक उपक्रम, जिसमें संयंत्र और मशीनरी (स्वामित्व/लीज/हायर परचेज) में पूंजी निवेश रू. 1 करोड़ से अधिक न हो। हाई–टेक और निर्यातोन्मुखी इकाइयों के लिये भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हस्त औजारों और निटवेयर वस्तुओं, स्टेशनरी एवं औषधी और भेषजीय की 66 मदों में से किसी मद का कोई औद्योगिक उपकरण निर्माण हेतु संयंत्र और मशीनरी में पूंजी निवेश रू. 5 करोड़ तक हो सकता है।

(ख) लघुत्तर उद्योग– अति लघु उद्यमों के लिए संयंत्र एवं मशीनरी में पूंजी निवेश की अधिकतम सीमा रू. 25 लाख है, चाहे इकाई कहीं भी स्थित हो।

(ग) लघु उद्योग सेवा एवं व्यवसाय उपक्रमः– भूमि एवं भवन को छोड़कर उद्योग सम्बन्धी सेवाओं और व्यवसाय में नियत परिसम्पत्तियों में पूंजी निवेश रू. 10 लाख तक है। लघु उद्योग सेवा एवं व्यवसाय गतिविधियां लधु उद्योग के रूप में प्राप्त सभी सुविधाओं के लिये पात्र है।

2. नई इकाई से तात्पर्य, उस औद्योगिक इकाई से है, जिसकी स्थापना हेतु प्रभावी कदम दिनांक दिनांक 01 अप्रैल, 2005 अथवा उसके पश्चात उठाये गये हैं।

3. प्रभावी कदम से तात्पर्य, निम्नलिखित में से किसी एक या एक से अधिक कार्यों से हैः–

(क) किसी वित्तीय संस्थान अथवा मान्यता प्राप्त बैंक से ऋण आवेदन पत्र पर स्वीकृति प्राप्त हो गई हो।

(ख) मशीनों व संयंत्रों के लिये आपूर्तिकर्ता को निश्चित क्रयादेश दे दिये गये हों।

(ग) कार्यशाला भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया हो।

4. वर्तमान इकाई से तात्पर्य, उस औद्योगिक इकाई से है, जिसकी स्थापना हेतु प्रभावी कदम दिनांक 1 अप्रैल, 2005 से पूर्व उठाये गये हों।

5. इकाई, जिसका विस्तार/विविधीकरण या आधुनिकीकरण किया गया है, का तात्पर्य ऐसी इकाई से हैः–

(क) जिसने 1 अप्रैल, 2005 के पश्चात् किसी समय विस्तार, विविधिकरण या आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिये प्रभावी कदम उठाये हों।

(ख) जिसकी उत्पादन क्षमता, विस्तार या आधुनिकीकरण के परिणामस्वरूप कम से कम 25 प्रतिशत बढ़ गई हो या जिसमें विविधीकरण के पश्चात् पूर्वत्तर निर्माण किये गये माल से भिन्न प्रकार के माल का निर्माण किया जाता हो।

(ग) जिसमें (अवक्षयण के लिये व्यवस्था किये बिना) भवन एवं मशीनरी व संयंत्र पर ऐसे मूल अचल पूंजी विनियोजन का कम से कम 25 प्रतिशत या उससे अधिक का अतिरिक्त अचल पूंजी विनियोजन किया गया हो।

6. अचल पूंजी विनियोजन से तात्पर्य उद्योग के भवन/कार्यशाला मशीनरी, संयंत्र व उपकरण पर विनियोजित पूंजी से है, जिसकी गणना निम्नवत् की

जायेगीः–

(क) भवन : केवल उद्योग के उत्पादन कार्य हेतु स्वयं की भूमि पर अथवा विधिसम्मत तरीके से लीज/पट्टे पर ली गई भूमि में निर्मित किये गये उद्योग के कार्यशाला भवन मेहं किये गये पूंजी निवेश पर सहायता अनुमन्य होगी। किराये की भूमि/भवन पर सहायता अनुमन्य नहीं होगी।

(ख) मशीनरी संयंत्र एवं उपकरण : मशीनरी, संयंत्र एवं उपकरणों के मूल्य की गणना करते समय जो मशीनें, संयंत्र व उपकरण इकाई की कार्यशाला में प्राप्त हो गये हों, उनके मूल्य को सम्मिलित किया जायेगा। अन्य उपकरणों, जैसे औजार, जिग्स, डाई, मोल्ड, परिवहन व्यय, डेमरेज व बीमा प्रीमियम के व्यय को भी, यदि यह पाया जाता है, मूल्य में सम्मिलित किया जायेगा, किन्तु कार्यशील पूंजी, जैसेः कच्चामाल, उपभोग वाला भण्डार आदि को मशीनरी, उपकरण व संयंत्रों के मूल्य मं सम्मिलित नहीं किया जायेगा। विविध परिसम्पत्तियों जैसेंः कार्यालय उपकरण, विद्युत लाईन चार्जेज आदि पर सहायता देय नहीं होगी।

5. ऋण की पात्रता

1. राज्य मं दिनांक 1 अप्रैल, 2005 के पश्चात स्थापित होने वाली लघु, लघुत्तर एवं लघु स्तरीय सेवा एवं व्यवसाय उपक्रमों तथा पूर्व से स्थापित लधु, लघुत्तर एवं लघु स्तहरीय सेवा एवं व्यवसाय उपक्रमों का पर्याप्त विस्तार विविधीकरण व आधुनिकीकरण करने वाली औद्योगिक इकाइयों को यह सुविधा प्राप्त होगी।
2. इकाई को प्रदेश के सम्बन्धित जिला उद्योग केन्द्र में लघु, लघुत्तर एवं लघु स्तरीय सेवा एवं व्यवसाय उपक्रम के रूप में प्रस्तावित अथवा स्थाई रूप से पंजीकृत होना आवश्यक होगा।
3. स्वत वित्त पोषित उद्योगों को भी योजनान्तर्गत सहायता प्राप्त होगी।
4. इस योजना के अन्तर्गत दूरस्थ एवं पिछड़े पर्वतीय क्षेत्रों का तात्पर्य राज्य सरकार की ''व्याज प्रोत्साहन सहायता नियमावली–2005'' में विनिर्दिष्ट/ परिभाषित दूरस्थ क्षेत्रों से है।
5. पूंजी निवेश सहायता राज्य शासन/भारत

सरकार/वित्तीय संस्थाओं आदि, जहां भी पूंजी निवेश सहायता मिलती हो, में से किसी एक स्रोत से ली जा सकेगी। इस योजना के अर्न्तगत सहायता प्राप्त करने हेतु उद्यमी को इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि उन्होंने अन्य किसी स्रोत से पूंजी निवेश सहायता नहीं ली है और न ही आवेदन किया है एवं न ही इस योजना के अन्तर्गत सहायता प्राप्त होने पर लेंगे।

6. राज्य पूंजी निवेश सहायता की मात्रा

भारत सरकार द्वारा घोषित विशेष प्रोत्साहन पैकेज के अन्तर्गत प्रदत्त सहायता से इतर दूरस्थ एवं पिछड़े पर्वतीय क्षेत्रों में 01.04.2005 के पश्चात स्थापित नये अथवा पर्याप्त विस्तार/विविधीकरण अथवा आधुनिकीकरण लघु/लघुत्तर इकाइयों तथा लघु स्तरीय सेवा एवं व्यवसाय उपक्रमों को उनके द्वारा कार्यशाला भवन तथा मशीनरी एवं यंत्र संयंत्र पर किये गये स्थाई पूंजी निवेश का 10 प्रतिशत, जिसकी अधिकतम सीमा रू. 1.00 लाख तक होगी, राज्य पूंजी निवेश प्रोत्साहन सहायता के रूप में राज्य शासन, औद्योगिक विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।

1. इस योजना के अन्तर्गत सहायता प्राप्त करने हेतु औद्योगिक इकाई अपने को सम्बन्धित जिला के जिला उद्योग केन्द्र में योजनान्तर्गत पंजीकृत करायेगी।
2. पंजीकरण हेतु प्रस्तावित योजना का प्रारूप, प्रस्तावित लघु उद्योग पंजीयन, वित्तीय संस्था/बैंक को ऋण हेतु दिये गये आवेदन पत्र का प्रमाण–पत्र (जैसी भी स्थिति हो) जिला उद्योग केन्द्र को प्रस्तुत करेगा।
3. इकाई में अचल स्थाई निवेश करने के उपरान्त निर्धारित आवेदन पत्र पर राज्य निवेश सहायता पत्र निम्न प्रमाण पत्रों/साक्ष्यों के साथ देना होगाः–

(क) स्थाई लघु उद्योग पंजीयन प्रमाण–पत्र/उत्पादन प्रमाण–पत्र।

(ख) वित्तीय संस्थान/बैंक द्वारा स्वीकृत/ वित्तीय ऋण प्रमाण–पत्र (यदि ऋण लिया हो)

(ग) स्थाई पूंजी निवेश सम्बन्धी तिथिवार, मदवार निवेशित व्ययों की सूची एवं बिल बाउचर।

(घ) रु. 50,000.00 से अधिक का अनुदान होने पर निर्धारित प्रारूप में चार्टड एकाउन्टेंट/चार्टड इंजीनियर का

प्रमाण–पत्र।

(ड) उद्योग स्थापना हेतु अन्य सम्बन्धित विभागों से वांछित स्वीकृतियों/अनुमोदनों/अनापत्तियों की प्रमाणित प्रतियां।

8. अन्य

जिला उद्योग मित्र समिति द्वारा सहायता स्वीकृत होने के पश्चात् स्वीकृति की दशा में महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा स्वीकृति आदेश जारी किया जायेगा, जिसमेहं अनुमोदित अचल पूंजी निवेश एवं स्वीकृत अनुदान राशि का उल्लेख होगा। स्वीकृत आदेश के साथ औद्योगिक इकाई व राज्य शासन के मध्य एक अनुबन्ध निष्पादित किया जायेगा, जिसका प्रारूप विभाग निर्धारित करेगा। यह अनुबन्ध राज्य शासन की ओर से महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र एवं इकाई के मध्य निष्पादित किया जायेगा।

अनुबन्ध निष्पादित होने के पश्चात् अनुदान का वितरण विथ्भागीय बजट आवंटन उपलब्ध होने पर किया जायेगा। विभागीय आवंटन उपलब्ध न होने पर विलम्ब से भुगतान हेतु राज्य शासन का कोई दायित्व नहीं होगा।

औद्योगिक इकाई को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने के पश्चात् न्यूनतम 5 वर्ष तक अपना उद्योग चालू रखना होगा। नियंत्रण से परे कारणों के कारण उद्योग के बन्द होने या रुग्ण होने को उद्योग बन्द की श्रेणी में नहीं माना जायेगा। नियंत्रण से परे कारणों पर निर्णय जिला उद्योग मित्र समिति द्वारा ही लिया जायेगा।

यदि औद्योगिक इकाई द्वारा तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत कर अथवा कोई तथ्य छुपाकर अनुदान प्राप्त कर लिया गया हो अथवा अनुदान वितरण एजेन्सी द्वारा कोई जानकारी मांगे जाने पर ओद्योगिक इकाई द्वारा सूचना जानकारी न दी जाय, तो पूंजी निवेश सहायता की वसूली एक मुश्त तथा भू–राजस्व वसूली के सदृश की जा सकेगी।

योजना के अन्तर्गत किसी बिन्दु पर विवाद होने पर राज्य शासन का निर्णय अन्तिम व बन्धनकारी होगा।

योजना के अन्तर्गत कार्यकारी निर्देश जारी करने हेतु निदेशक उद्योग सक्षम होंगे।

संख्याः 1644/VII/98–उद्योग/2005

प्रेषक,

संजीव चोपड़ा,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्योग,
उद्योग निदेशालय,
उत्तरांचल, देहरादून।

औद्योगिक विकास अनुभाग देहरादून, दिनांकः 13 जून, 2005

विषयः पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लिये विशेष राज्य पूंजी निवेश उपादान सहायता योजना।

महोदय,

3	अल्मोड़ा	711	629	447.26	485	329.38	**88**	**68**
4	पिथौरागढ़	178	223	197.19	197	161.44	**125**	**111**
5	बागेश्वर	489	456	357.25	422	325.75	**93**	**86**
6	चम्पावत	267	294	257.79	269	207.36	**110**	**101**
7	देहरादून	1155	1221	915.75	932	652.40	**106**	**81**
8	पौड़ी	578	667	530.76	472	376.49	**115**	**82**

9	टिहरी	444	521	425.87	464	351.25	**117**	**105**
10	चमोली	471	470	352.91	401	307.43	**100**	**85**
11	उत्तरकाशी	356	403	266.58	323	197.83	**113**	**91**
12	रुद्रप्रयाग	178	204	176.55	184	159.25	**115**	**103**
13	हरिद्वार	1111	1047	713.90	749	457.75	**94**	**67**
	योगः	**8000**	**7772**	**5895.71**	**6218**	**4456.63**	**97**	**78**

प्रधानमंत्री रोजगार योजना की प्रगति का बैंकवार वर्गीकरण

वर्ष 2005–06

क्र. सं.	बैंक का नाम	बैंक को भेजे गये आवेदन पत्र	बैंक द्वारा स्वीकृत संख्या	वितरित संख्या
1	भारतीय स्टेट बैंक	5936	3968	3363
2	पंजाब नेशनल बैंक	2741	1418	1095
3	केनरा बैंक	476	310	292
4	बैंक आफ इण्डिया	197	91	79
5	सेन्ट्रल बैंक	412	222	165
6	पंजाब एण्ड सिंध बैंक	280	122	98
7	यूनियन बैंक आफ इण्डिया	417	264	218
8	ओ.बी.सी.	552	293	186
9	इण्डिया ओवरसीज बैंक	284	160	115
10	बैंक आफ बडौदा	973	599	459
11	इलाहाबाद बैंक	265	169	133
12	यूको बैंक	312	188	144
13	स्टेट बैंक आफ पटियाला	135	62	49
14	नैनीताल बैंक	609	471	293
15	विजया बैंक	15	9	6
16	देना बैंक	7	0	0
17	इण्डियन बैंक	17	8	5
18	स्टेट बैंक आफ बीकानेर,जयपुर	7	5	3
19	सिन्डीकेट बैंक	69	33	29
20	बैंक आफ महाराष्ट्र	8	0	0
21	कार्पोरेशन बैंक	15	11	9
22	यूनाईटैड बैंक आफ इण्डिया	2	2	1
23	आन्ध्र बैंक	5	3	3
24	यू.टी.आई.	0	0	0
25	यू.डी.एफ.सी.	0	0	0
26	कर्नाटक बैंक	1	0	0
27	बैंक ऑफ सौराष्ट्र	0	0	0
	योग :	13735	8408	6745

प्रधानमंत्री रोजगार योजना प्लस–2005

राज्य में वर्ष 2005–06 में नई योजना के रूप में प्रधानमंत्री रोजगार योजना प्लस–2005 योजना प्रारम्भ की गई है, ताकि प्रधानमंत्री रोजगार योजना के जो सफल लाभार्थी हैं, उनके कार्य को और आगे विस्तारित किया जाय। योजनान्तर्गत अब तक प्रदेश 315 लाभार्थियों की धनराशि रू. 716.86 लाख के आवेदन पत्र विभिन्न बैंकों को प्रेषित किये गये हैं, जिसके सापेक्ष अब तक 162 लाभार्थियों को धनराशि रू. 281.38 लाख का ऋण स्वीकृत कर 115 लाभार्थियों को धनराशि रू. 176.49 लाख वितरित किया जा चुका है।

पी.एम.आर.वाई. प्लस की तालिका

क्र. सं.	जनपद	स्वीकृत ऋण		वितरित ऋण	
		संख्या	धनराशि (लाख रू. में)	संख्या	धनराशि (लाख रू. में)
1	नैनीताल	20	56.06	10	20.14
2	ऊधमसिंहनगर	15	26.00	8	17.22
3	अल्मोड़ा	10	20.90	4	10.10
4	बागेश्वर	4	22.93	2	5.84
5	पिथौरागढ़	15	17.65	12	11.65
6	चम्पावत	14	19.60	13	15.57
7	देहरादून	25	43.00	18	31.00
8	पौड़ी	11	20.22	11	20.22
9	टिहरी	20	17.49	19	16.81
10	चमोली	7	7.10	3	3.10
11	उत्तरकाशी	2	2.30	2	2.30
12	रुद्रप्रयाग	3	2.00	1	0.50
13	हरिद्वार	16	26.13	12	22.04
	योगः	**162**	**281.38**	**115**	**176.49**

पी.एम.आर.वाई. प्लस की तालिका

वर्ष 2006–07

क्र. सं.	जनपद	स्वीकृत ऋण		वितरित ऋण	
		संख्या	धनराशि (लाख रू. में)	संख्या	धनराशि (लाख रू. में)
1	नैनीताल	22	41.05	17	24.05
2	ऊधमसिंहनगर	13	36.50	9	26.80
3	अल्मोड़ा	25	65.28	23	46.63
4	बागेश्वर	16	50.24	16	34.50
5	पिथौरागढ़	17	26.20	15	23.24
6	चम्पावत	16	25.25	15	22.60
7	देहरादून	35	116.06	20	82.06
8	पौड़ी	14	18.41	12	15.46
9	टिहरी	23	21.96	23	21.91
10	चमोली	3	2.25	3	2.25
11	उत्तरकाशी	8	14.69	6	9.37
12	रुद्रप्रयाग	2	1.30	2	1.30
13	हरिद्वार	19	29.11	12	20.15
	योगः	**213**	**448.30**	**173**	**330.32**

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का स्वरूप

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन युवाओं को लघु उद्योग स्थापित करने एवं लघु उद्योगों में स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया जाता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न महत्वपूर्ण सूचनाएं उद्यमियों को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाती हैं और इसके आधार पर अपने उद्यम के चयन, सरलता पूर्वक स्थापना एवं संचलान हेतु आवश्यक महत्वपूर्ण सूचना श्रोतों की जानकारी भी उन्हें मिलती है।

राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार परिषद

उद्यमिता विकास के कार्यक्रमों के विकास, नियोजन एवं क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। राज्य स्तरीय उद्यमिता विकास सलाहकार समिति में शासन द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सलाहकार नामित किये गये हैं। समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को जनपदों में आयोजित किये जा रहे उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नियमित रूप से आमंत्रित किया जा रहा है।

प्रदेश में शिक्षित युवाओं की बड़ी संख्या है, जिन्हें समुचित जानकारी एवं मार्गदर्शन देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा सकता है। वेतन आधारित सेवाओं में रोजगार की सीमित संभावनाओं संभावनाओं को देखते हुये उद्योगों की स्थापना के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने में बेरोजगारी की विकट समस्या का न केवल समुचित समाधान होता है, अपितु प्रदेश की आर्थिक प्रगति में भी तेजी आती है। तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर मुख्य चुने हुये स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम विभाग द्वारा संपादित किये जाते हैं, ताकि भावी व उत्साही उद्यमियों को राज्य में उद्योग स्थापित करने हेतु प्रारम्भिक प्रशिक्षण, औद्योगिक जागृति व मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके।

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न उद्यम स्थापित करने हेतु जागरूकता, अभिप्रेरण, मार्गदर्शन तथा उद्योग स्थापना एवं उद्यम प्रबन्ध में प्रारम्भिक प्रशिक्षण व मार्गदर्शन दिया जाता है। उद्यमिता विकास कार्यक्रमों को अधिकाधिक उपयोगी बनाने एवं इनकी गुणवत्ता बढ़ाने की दृष्टि से राज्य में स्थापित विशिष्ट संस्थाओं जैसे आई.आई.टी. रुड़की, पतंनगर विश्वविद्यालय, ई.एस.टी.सी. आदि का भी सहयोग लिया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों जैसे निसीएट, नीसबड तथा स्थानीय स्तर पर भी प्रबन्ध एवं कार्यशैली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

राज्य उद्यमिता विकास सलाहकार समिति की देखरेख में इन कार्यक्रमों को और अधिक कारगर बनाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में निम्न अवयव सम्मिलिहत हैंः–

- विशिष्ट तकनीकी शोध, विकास एवं अन्य विशिष्ट संस्थाओं का समुचित सहयोग प्राप्त कर कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण अंग के अधीन जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों, सहायक प्रबन्धक स्तरीय कर्मचारियों का प्रशिक्षण।
- उद्यमियों तथा प्रशिक्षको का फील्ड विजिट, जिसमें औद्योगिक दृष्टि से सफल औद्योगिक कलस्टरों एवं आदर्श उद्यमिता संस्कृति के क्षेत्रों का भ्रमण।
- जिला उद्योग केन्द्र को उद्यमियों के लिये आवश्यक सामयिक साहित्य, सूचना एवं नवीनतम प्रशिक्षण तकनीक एवं उपकरणों से सुसज्जित करना। उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिये उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नानुसार आयोजित किये जा रहे हैंः–

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रत्येक जनपद में आवश्यकतानुसार तीन दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस कार्यक्रम में 15–20 व्यक्तियों के समूह में उद्योग स्थापना संबंधी जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

द्विसाप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

ये कार्यक्रम यथासम्भव किसी विशिष्ट उद्योग के लिये 15–20 उद्यमियों के समूह में आयोजित किये जाते हैं। ये कार्यक्रम प्रायः तकनीकी ज्ञान व मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आयोजित किये जा रहे हैं। इन्हें विशिष्ट तकनीकी संस्थाओं, जैसे आई.आई. टीह/इंजीनियरिंग कालेज, पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय, ई.एस.टी.सी. आदि अन्य विभिन्न तकनीकी संस्थाओं से तथा जनपदों में योग्य एवं अनुभवी संस्थाओं के माध्यम से आवश्यकतानुसार सम्पादित कराये जाने का प्राविधन रखा गया है।

चार साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

उद्यमिता प्रशिक्षण हेतु उद्यमिता के क्षेत्र में शीर्ष राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय संस्थाओं जैसे उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संस्थान, इण्डियन इंस्टीट्यूट आफ इण्टरप्रीनियरशिप गुवाहाटी, आसाम आदि से ये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। प्रत्येक कार्यक्रम में 20–25 व्यक्तियों के समूह को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्य में लगे फील्ड स्टाफ तथा जनपद के महाप्रबन्धक, सांख्यिकी सहायक, सहायक प्रबंधक, अन्वेषक कम संगणक एवं सहायक विकास अधिकारी (प्रथम) आदि को प्रदेश में व प्रदेश के बाहर राष्ट्रीय स्तर के उच्च कोटी तथा प्रबन्धकीय व तकनीकी संस्थाओं के अधीन उद्योगों की आधुनिक व प्रबन्धन में प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि वे उद्यमियों को आधुनिक परिवेश में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर सकें। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न राजकीय अथवा प्रतिष्ठित संस्थान जैसे नेशनल इंस्टीट्यूट फार इंटरपिन्योरशिप एण्ड स्माल विजनिस उवलपमेन्ट, नेशनल इंस्टीट्यूट आफ स्माल इंडस्ट्रीज एक्सटेंशन ट्रेनिंग आदि के तत्वाधान में आयोजित किये जा रहे हैं।

वर्ष 2004–05 में 102 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया तथा वर्ष 2005–06 में अब तक 81 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

वर्ष 2004–05 आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र. सं.	जनपद	तीन दिवसीय		द्विसाप्ताहिकी		छः सप्ताहिकी	
		कार्यक्रम सं.	प्रशिक्षित सं.	कार्यक्रम सं.	प्रशिक्षित सं.	कार्यक्रम सं.	प्रशिक्षित सं.
1	नैनीताल	5	176	2	36	1	25
2	ऊधमसिंहनगर	4	129	1	20	1	28
3	अल्मोड़ा	5	167	1	20	1	25
4	पिथौरागढ़	10	224	0	0	1	22
5	बागेश्वर	4	226	1	25	0	0
6	चम्पावत	8	219	1	30	0	0
7	देहरादून	5	255	1	25	0	0
8	पौड़ी	5	181	1	25	1	26
9	टिहरी	9	325	2	50	1	25
10	चमोली	9	217	1	20	0	0
11	उत्तरकाशी	6	289	0	0	1	25
12	रुद्रप्रयाग	8	226	1	24	0	0
13	हरिद्वार	6	147	1	40	0	0
	योगः	**84**	**2821**	**13**	**315**	**7**	**176**

वर्ष 2005–06 आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र. सं.	जनपद	तीन दिवसीय		द्विसाप्ताहिकी		चार सप्ताहिकी	
		कार्यक्रम सं.	प्रशिक्षित सं.	कार्यक्रम सं.	प्रशिक्षित सं.	कार्यक्रम सं.	प्रशिक्षित सं.
1	नैनीताल	11	445	3	63	1	27
2	ऊधमसिंहनगर	4	117	1	22	0	0
3	अल्मोड़ा	9	372	1	25	1	25
4	पिथौरागढ़	8	186	2	52	0	0
5	बागेश्वर	6	189	2	37	0	0
6	चम्पावत	11	272	1	27	0	0
7	देहरादून	6	215	1	25	0	0
8	पौड़ी	11	226	1	24	1	25
9	टिहरी	9	303	2	46	1	28
10	चमोली	9	250	1	54	0	0
11	उत्तरकाशी	9	435	2	50	1	26
12	रुद्रप्रयाग	11	272	4	99	0	0
13	हरिद्वार	11	261	3	65	1	25
	योगः	**115**	**3543**	**24**	**589**	**6**	**156**

वर्ष 2006–07 में आयोजित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण

क्र.सं.	जनपद	जनपदवार व्यय (लाख रू. में)	तीन दिवसीय		द्विसप्ताहिकी		चार सप्ताहिकी		योग	
			कार्यक्रम	प्रशिक्षित सं.	कार्यक्रम	प्रशिक्षित सं.	कार्यक्रम	प्रशिक्षित सं.	कार्यक्रम	प्रशिक्षित सं.
1	नैनीताल	2.11	11	388	3	69	1	26	15	483
2	ऊधमसिंहनगर	2.50	8	270	3	80	1	25	12	375
3	अल्मोड़ा	1.73	8	420	1	32	0	0	9	452
4	पिथौरागढ़	3.12	10	298	4	115	2	68	16	481
5	बागेश्वर	0.88	9	313	1	20	0	0	10	333
6	चम्पावत	4.00	6	133	2	121	2	49	10	303
7	देहरादून	3.00	8	322	3	126	3	77	14	525
8	पौड़ी	3.90	22	462	3	84	1	26	26	572
9	टिहरी	3.52	8	214	7	177	1	28	16	419
10	चमोली	3.85	12	277	4	100	2	64	18	441
11	उत्तरकाशी	3.85	14	376	5	147	2	53	21	576
12	रुद्रप्रयाग	1.54	8	179	1	20	1	28	10	227
13	हरिद्वार	4.41	12	291	3	73	3	83	18	447
	योगः	**38.41**	**136**	**3943**	**40**	**1164**	**19**	**527**	**195**	**5634**

उद्योगों को वित्तीय प्रोत्साहन/सुविधायें

इस योजनान्तर्गत उत्तरांचल की औद्योगिक नीति के तहत उद्योगों को प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाने, आई.एस.ओ. (9000–14000) प्रमाण–पत्र प्राप्त करने तथा पेटेन्ट रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु निम्न सीमा तक सहायता देने विषयक कार्यक्रमों को समन्वित किया गया है।

1. आई.एस.ओ. प्रमाण–पत्र प्राप्त करने हेतु व्यय का 75 प्रतिशत अधिकतम रू. 2 लाख।
2. पेटेन्ट रजिस्ट्रेशन हेतु व्यय का 75 प्रतिशत अधिकतम रू. 2.00 लाख।
3. प्रदूशण नियंत्रण साधनों के उपयोग पर प्रोत्साहन स्वरूप सहायता व्यय का 50 प्रतिशत अधिकतम रू. 1.00 लाख।

वर्तमान समय में इकाईयॉ स्थापनाधीन हैं, अतः आगामी वर्ष में इकाईयॉ अधिक संख्या में इस लाभ को प्राप्त कर सकेंगी।

पर्वतीय एवं दूरस्थ स्थानों हेतु विशेष राज्य पूंजी उपादान

पर्वतीय एवं दूरस्थ स्थानों पर औद्योगों पर ओद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से शासन द्वारा विशेष राज्य पूंजी उपादान योजना प्रारम्भ की गई है, जिसके अन्तर्गत इन क्षेत्रों में स्थापित होने वाले उद्योगों को 25 प्रतिशत, अधिकतम रू. 1 लाख तक की धनराशि पूंजी उपादान के रूप में अनुमन्य होगी।

एक मुश्त समाधान योजना

विभिन्न विभागीय ऋण योजनाओं के अन्तर्गत वितरित की गई धनराशि की वसूली एवं उद्यमियों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एक मुश्त समाधान योजना लागू की गई है। योजनान्तर्गत मूलधन की वसूली को सुनिश्चित करने हेतु ब्याज में 75 प्रतिशत तक छूट दिये जाने का प्राविधान किया गया है।

परिवहन सहायता योजना

पर्वतीय क्षेत्र में स्थापित उद्योगों को परिवहन लागत कम करने के दृष्टिकोण से शत–प्रतिशत केन्द्र पुरोनिधानित इस योजना के अन्तर्गत इकाइयों को निकटतम रेलवे

शीर्ष से कार्यशाला तक कच्चामाल लाने तथा तैयार माल विक्रय हेतु ले जाने पर हुये परिवहन व्यय का निर्धारित दरों पर 75 प्रतिशत तक सीमा तक धनराशि की प्रतिपूर्ति उपादान के रूप में की जाती है। योजना की अवधि भारत सरकार द्वारा 31 मार्च, 2007 तक बढ़ाई जा चुकी है तथा इकाइयों के मामलों में अब उत्तरांचल राज्य औद्योगिक विकास निगम के माध्यम से उपादान स्वीकृत किया जा रहा है।

औद्योगिक मेल, प्रदर्शनी, गोष्ठी, सेमिनार व प्रचार–प्रसार

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत औद्योगिक इकाइयों, हथकरघा एवं हस्तशिल्पियों को विपणन प्रोत्साहन तथा प्रचार की दृष्टि से राज्य के जनपदों में पारम्परिक मेलों, शरदोत्सव, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय मेले, प्रदर्शनियों में भाग लेने हेतु आवश्यक व्यवस्था की जाती है। जनपद स्तर पर आयोजित औद्योगिक प्रदर्शनियों व शरदोत्सव के अलावा वर्ष 2004–05 में प्रगति मैदान नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2003 तथा अप्रवासी भारतीय दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी में भाग लिया गया। इसके अलावा देहरादून में परेड ग्राउण्ड में उत्तरांचल फेयर क्राफ्ट बाजार आदि आयोजित किया गया। ओ0एन0जी0सी0 स्टेडियम में विरासत 2004 के अवसर पर स्पेशल हैण्डलूम एक्सपो का आयोजन किया गया। हरिद्वार में कुम्भ मेले के अवसर पर विभाग द्वारा हथकरघा हस्तशिल्प एवं खादी की प्रदर्शनी आयोजित की गयी है। वर्तमान वर्ष 2005–06 में भी उक्त कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले प्रगति मैदान, नई दिल्ली में पार्टनर स्टेट के रूप में भाग लिया गया। राज्य क पैवेलियन को विशेष प्रशंसा पुरूस्कार प्राप्त हुआ है। अप्रवासी भारतीय मेले मुम्बई में विभाग द्वारा भाग लिया गया है व विभिन्न राष्ट्रीय प्रदर्शनियों के अलावा हथकरघ क्षेत्र में काशीपुर व देहरादून में विशेष राज्य स्तरीय दो हथकरघा प्रदर्शनियॉ आयोजित की गई।

जिला उद्योग केन्द्रों का आधुनिकीकरण

नव उद्यमियों को उद्योग स्थापना संबंधी सूचना एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने व जनपद स्तर पर सूचनाअें एवं आंकडों के संग्रहण तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व अनुश्रवण हेतु जिला उद्योग केन्द्रों को आधुनिकीकृत किया जा रहा है। जिला उद्योग केन्द्रों को कम्प्यूटर, इन्टरनेट सुविधाओं, जरनल्स, पत्र–पत्रिकायें तथ प्रोजैक्ट रिपोर्ट्स तथा उद्यमियों के मार्गदर्शन हेतु उपयुक्त सूचनाओं से सम्बन्धित आवश्यक सामग्री से सुसज्जित किया जा रहा है। वर्ष 2004–06 में भी रू. 24 लाख की धनराशि जनपदों को उपलब्ध कराई गई है। वर्ष 2006–07 में भी योजना को और प्रभावी किया जा रहा है तथा सभी जनपदों को सूचना एवं विपणन सेवा केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

उद्योग मित्र

1. राज्य स्तरीय उद्योग मित्र :

राज्य के उद्यमियों के निराकरण, उनके साथ सतत् संवाद एवं परामर्श एवं नये उद्योगों/उद्यमियों के प्रस्तावों पर विचार हेतु राज्य स्तरीय एवं जनपद स्तरीय उद्योग मित्र का गठन किया गया है। उद्योग मित्र की बैठक मा. मुख्य मंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित की जाती है। सचिव, औद्योगिक विकास इसके सदस्य सचिव हैं। राज्य स्तरीय उद्योग मित्र के कर्य एवं दायित्वों के संचालन हेतु शासन द्वारा माननीय उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय उद्योग मित्र पद पर नियुक्त की गई है।

राज्य स्तरीय उद्योग मित्र के कार्य :

राज्य स्तर पर उद्योग मित्र के कार्य निम्न प्रकार प्रस्तावित हैंः–

1.1 राज्य में होने वाले औद्योगिकीकरण एवं लम्बी अवधि से लम्बित मामलों की समीक्षा एवं उन पर निर्णय करना।

1.2 नीति विषयक मामलों तथा उन उद्योगों की विशेष समस्याओं पर निर्णय किया जाना, जिनमें विभागीय स्तर पर अथवा औद्योगिक विकास परिषद में निर्णय सम्भव न हो सकें।

1.3 राज्य में औद्योगिक रूग्णता को दूर करने हेतु प्रस्तावों पर विचार करना एवं मार्ग निर्देशन प्रदान करना।

1.4 औद्योगिक विकास में बाधक नियम, अधिनियम एवं शासनादेश जिनमें शिथिलीकरण की आवश्यकता हो, से सम्बन्धित प्रस्तावों पर विचार एवं निर्णय करना।

1.5 ऐसे बिन्दुओं/प्रस्तावों, जो औद्योगिक नीति में समाहित नहीं हैं, किन्तु उन्हें स्वीकार किया जाना औद्योगिक विकास के हित में हैं, पर विचार एवं निर्णय करना।

2. जनपद स्तरीय उद्योग मित्रः–

राज्य की औद्योगिक नीति के क्रियान्वयन एवं जनपद स्तर पर उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण, उनके साथ सतत् संवाद एवं परामर्श एवं नये उद्योगों/उद्यमियों के प्रस्तावों पर विचार हेतु राज्य के प्रत्येक जनपद में जनपद स्तरीय उद्योग मित्र का गठन किया गया है। जिलाधिकारी इसके अध्यक्ष व महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र इसक सदस्य सचिव हैं।

उद्योग मित्र की बैठक अधिक गतिविधियों वाले जनपद देहरादून, हरिद्वार ऊद्यमसिंहनगर तथा नैनीताल जनपदों में प्रत्येक माह में एक बार तथा शेष जनपदों में दो माह में एक बार आयोजित की जाती है।

जिला स्तरीय उद्योग मित्र कार्यः–

2.1 जिला स्तर पर उद्योगों के प्रस्तावों पर स्वीकृतियों को सम्बन्धित विभाग द्वारा समय सीमा के अन्तर्गत जारी किये जाने की समीक्षा।

2.2 समयान्तर्गत जारी न होने वाली स्वीकृतियों के सम्बन्ध में एकल मेज व्यवस्था के रूप में कार्य करते हुये स्वीकृतियॉ जारी करना एवं समयबद्ध आधार पर उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।

2.3 जनपद के उद्यमियों एवं औद्योगिक इकाइयों के लिये सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना तथा उद्यमियों की तथा व्यक्तिगत समस्याओं के निदान हेतु कार्यवाही करना।

2.4 आवश्यकतानुसार राज्य स्तर पर मामलों को सन्दर्भित करना।

2.5 रूग्ण इकाइयों के सम्बन्ध में विस्तृत कार्यवाही के साथ व्यक्तिगत मामलों पर सुस्पष्ट प्रस्ताव जिला स्तरीय उद्योगों मित्र द्वारा निर्णीत किये जायेंगे।

हथकरघा क्षेत्र

1. दीनदयाल हथकरघा प्रोत्साहन योजना (90 प्रतिशत केन्द्र पोषित) :

हथकरघा क्षेत्र की यह एक व्यापक योजना है। यह योजना विकास आयुक्त (हथकरघा), भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2000–01 से चलाई जा रही है। नये पैकेज में केन्द्र सहायता का अनुपात 90:10 कर दिया गया है। योजना के अधीन बुनकर सहकारी समितियों व संस्थाओं को उनके उत्पादन व कौशल में वृद्धि करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की सुविधायें व सहायता समग्र रूप से प्रदान की जाती है, यथा–इन्फ्रास्ट्रक्चर सहायता, उपकरणों की आपूर्ति, विपणन प्रोत्साहन, डिजाइन सुधार, प्रशिक्षण, प्रचार–प्रसार आदि। योजनान्तर्गत न्यूनतम 25 तथा अधिकतम 100 सदस्यों की बुनकर सहकारी समितियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

2. आवास से सम्बद्ध कार्यशाला योजना (शत प्रतिशत केन्द्र पोषित)

हथकरघा उत्पादन कार्यक्रम को सुनियोजित आधार पर चलाने तथा बुनकरों को आवासीय सुविधायें एक साथ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से यह योजना भारत सरकार द्वारा लागू की गई है। दसवीं पंचवर्षीय योजनाकाल में भारत सरकार द्वारा इस योजना का वित्त पोषण संशोधित किया गया है। योजना के अन्तर्गत अब ग्रामीण कार्यशाला के निर्माण की लागत में से रू. 7000 तक अनुदान एवं शहरी कार्यशाला निर्माण की निर्धारित लागत में से रू. 10000 तक अनुदान देय है, जिसके अन्तर्गत 50

से 75 वर्गफीट आकार की कार्यशाला बनाई जा सकती है। आवास से सम्बद्ध कार्यशाला निर्माण के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र हेतु निर्धारित लागत में से रू. 18000

6. हथकरघा स्टाक की बिक्री पर एकबारगी देय 10 प्रतिशत विशेष छूट की प्रतिपूर्तिः–

यह योजना भारत सरकार द्वारा वर्ष 2002–03 से प्रारम्भ की गई है। योजना के अन्तर्गत राज्य हथकरघा निगम/हथकरघा शीर्ष समितियों/अखिल भारतीय हथकरघा वस्त्र विपणन सहकारी समितियॉ/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम द्वारा हथकरघा वस्त्रों के विक्रय पर दी गई 10 प्रतिशत छूट की प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।

7. भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान वाराणसी :

भारत सरकार द्वारा वाराणसी में संस्थापित इस संस्थान के माध्यम से हथकरघा तकनीकी संस्थान में तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स चलाया जाता है, जिसमें प्रदेश के लिये 2 सीटें आरक्षित कराई गई है। चयनित प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान प्रथम वर्ष में रू. 200/– द्वितीय वर्ष में रू. 225/– तथा तृतीय वर्ष मं रू. 250/– प्रतिमाह छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। प्रत्येक वर्ष 2 अभ्यर्थी चयनित कर संस्थान में भेजे जाते हैं।

8. राजकीय डिजाइन केन्द्र काशीपुर :

राज्य के बुनकरों एवं छीपियों के उत्थान हेतु राजकीय डिजाइन केन्द्र, काशीपुर की स्थापना वर्ष 1977 में की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के बुनकरों/छीपियों को हथकरघा क्षेत्र में मार्गदर्शन एवं आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना तथा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर नई तकनीक की जानकारी प्रदान करना है। राज्य में कार्यरत बुनकरों/बुनकर सहकारी समितियों, छीपियों को स्वावलम्बी बनाने एवं बुनकरों को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ–साथ विभिन्न हथकरघा क्षेत्र की लाभकारी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय संसाधन सुलभ कराये जाने के उद्देश्य से उत्तरांचल राज्य द्वारा केन्द्र का पुनर्गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2003–04 में केन्द्र का पुनर्गठन के फलस्वरूप 28 पद सृजित किये गये हैं, भवन की मरम्मत व रखरखाव का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा केन्द्र में कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (कैड) सिस्टम की स्थापना की गई है तथा केन्द्र के माध्यम से प्रशिक्षण सम्बन्धी गतिविधियॉ प्रारम्भ कर दी गई हैं। भारत सरकार द्वारा भी इस केन्द्र के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है।

हस्तशिल्प

भारत सरकार, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजना लागू की गई है, जिसके तहत हस्तशिल्पियों को विभिन्न

प्रकार की सुविधायें दी जाती हैं, जिसमें सामानय जागरूकता उत्पन्न करना, लक्षित समूहों को प्रोत्साहन, उत्पादन क्षमता, डिजाइन विकास, प्रौद्योगिकी सवंर्द्धन, गुणवत्ता नियंत्रण, विपणन प्रोत्साहन व वित्तीय एवं कल्याण, वकशेड आदि विभिन्न सहायतायें समग्र रूप से प्रदान की जाती है। एतद्विषयक आवेदन पत्र भारत सरकार द्वारा सीधे संग्रहीत किये जाते हैं। भारत सरकार द्वारा अब तक 8 समितियों/स्वयं सेवा संस्थाओं के मामलें स्वीकृत किये जा चुके हैं।

अरबन हाट की स्थापना :

हस्तशिल्पियों के आर्थिक उत्थान एवं प्रोत्साहन हेतु भारत सरकार द्वारा एक अरबन हाट की स्थापना देहरादून में की जा रही है। यह 70 प्रतिशत केन्द्र पोषित योजना है तथा राज्य औद्योगिक विकास निगम के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है। इसके लिये भूमि की व्यवस्था देहरादून–हरिद्वार मार्ग पर की गई थी, किन्तु वहॉ पर फ्लाई ओवर प्रस्तावित होने के कारण इसका निर्माण बाधित हुआ है। योजना की विस्तृत परियोजना इन्टेक द्वारा तैयार की गयी है। परियोजना की कुल लागत रू. 181 लाख हैं।

उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा वर्ष 2005–06 में किये गये प्रमुख कार्य

- राज्य में शिल्प काष्ठकला के पुनर्जीवीकरण एवं आधुनिकीकरण के उद्देश्य से उद्योग विभाग के विभिन्न पापडी काष्ठकला केन्द्रों के तकनीकी कर्मचारियों को एफ0आर0आई0 बम्बू बोर्ड एवं सहारनपुर आदि स्थानों पर व्यवस्थित आधुनिक यन्त्र–संयत्र आदि का अवलोकन कर काष्ठकला के आधुनिक टूल्स एवं उपकरणों तथा तकनिकी जानकारी उपलब्ध कराई गयी एवं एफ0आर0आई0 के विशेषज्ञों के साथ विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त एक कार्य योजना तैयार किये जाने का प्रस्ताव किया गया। इस संबंध में श्रीनगर गढ़वाल काष्ठ कला पर एक प्रशिक्ष्ज्ञण कार्यशाल आयोजित करने हेतु एक प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया है।
- दिनांक 20 अप्रैल, 2005 से 26 अप्रैल, 2005 तक पिरान–ए–कलियर शरीफ में "दरगाह साबिरे पाक उर्स मेला" के अवसर पर हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जनपदों से प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- दिनांक 26 जून, 2005 से 30 जून 2005 तक श्रीकोट–श्रीनगर गढवाल में ''काष्ठ आधारित प्रतीक चिन्ह उद्योग'' साविनियर उद्योग के विकास पर कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के शिल्पियों एवं विभागीय

केन्द्रों के लगभग 40 लोगों द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यशाला में वन अनुसंधान संस्थान भारतीय पैकेजिंग संस्थन, लघु उद्योग सेवा संस्थान, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, गढ़वाल विश्वविद्यालय, वन विकास निगम, बॉस एवं रेशा विकास परिषद आदि संस्थाओं/विभागीय अधिकारियों/विशेषज्ञों द्वारा सक्रिय योगदान दिया गया।

- **"द्वितीय राष्ट्रीय महिला पुलिस सम्मेलन–2005"** के अवसर पर परिषद क्राफ्ट इन उत्तरांचल प्रदर्शनी का आयोजन लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी, मसूरी में दिनांक 27 से 29 जुलाई, 2005 तक किया गया जिसमें राज्य के विभिन्न जनपदों से 25 शिल्पियों/बुनकरों तथा रेशम विभाग, फल संरक्षण एवं खादी ग्रामोद्योग बोर्ड संस्थाओं द्वारा विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।
- दिनांक 29 अगस्त, 2005 को राजकीय डिजाइन केन्द्र, काशीपुर में विकास आयुक्त (हथकरघा) भारत सरकार द्वारा हथकरघा, क्षेत्र के विकास के लिये संचालित योजनाओं की जानकारी के उद्देश्य नेशनल हैण्डलू डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि., लखनऊ एवं परिषद के माध्यम से कुमाऊं मण्डल के जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियो/कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बुनकरों द्वारा भी भाग लिया गया।
- देहरादून में दिनॉक 20.10.2005 से 30.10.2005 तक क्राफ्ट बाजार का आयोजन किया गया। इस मेले में प्रदेश व देश के विभिन्न प्रदेशों के हस्तशिल्पियों के उत्पादों के विपणन एवं प्रदर्शन हेतु 200 स्टाल निर्मित किये गये। मेले में लगभग रू. 2.00 करोड़ की बिक्री हुई।
- उत्तरांचल राज्य स्थापना की पॉचवी वर्षगांठ के अवसर पर तृतीय राज्य स्थापना दिवस व्याख्यान का आयोजन दिनॉक 8 नवम्बर, 2005 को किया गया, जिसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति श्री एम0एम0वैंकटचलैया को माननीय मुख्य मंत्री उत्तरांचल द्वारा सम्मानित किया गया।

- दिनांक 14 नवम्बर, 2005 से 27 नवम्बर, 2005 तक ''भारत अन्तर्राष्ट्र व्यापार मेला–2005'' प्रगति मैदान, नई दिल्ली में उत्तरांचल राज्य द्वारा पार्टनर स्टेट के रूप में भाग लिया गया। उत्तरांचल राज्य के महामहिम श्री राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मेले में उत्तरांचल पैवेलियन का भ्रमण एवं अवलोकन किया गया। वीडियो कान्फ्रेसिंग द्वारा उत्तरांचल के समस्त जनपदों में एन0आई0सी0 के माध्यम से उत्तरांचल पैवेलियन का सजीव प्रसारण किया गया। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री द्वारा उत्तरांचल को पार्टनर स्टेट के रूप में सराहनीय सहभागिता के लिये पुरस्कृत किया गया। मेले में राज्य के 40 से अधिक उद्यमियों, शिल्पियों, बुनकरो के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। मेले में लगभग रू. 1.00 करोड़ के हस्तशिल्प/हथकरघा एवं कृषि व प्रसंस्कृत फल उत्पादों की बिक्री हुई तथा लगभग रू. 10.00 करोड़ के आडर्स प्राप्त हुये।
- विकास आयुक्त (हथकरघा), भारत सरकार के सहयोग से दिनांक 21–12–2005 से 04–01–2006 तक देहरादून में स्पेशल हैण्डलूम एक्स्पो का आयोजन किया गया। हथकरघा उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन हेतु 100 स्टाल लगाये गये जिनमें राजय के 60 हथकरघा सहकारी समितियां/बुनकरों तथा अन्य प्रदेशों के 40 सहकारी समितियों/बुनकरों द्वारा भाग लिया गया। एक्सपों में लगभग 1.15 करोड़ की बिक्री हुई।
- 26 जनवरी, 2005 को गणतंत्र दिवस क अवसर पर परेड़ ग्राउण्ड, देहरादून में हथकरघा, हस्तशिल्प एवं खादी क्षेत्र की थीप पर आधारित झॉकी परिषद द्वारा तैयार की गयी जिसमें विभागीय कार्य–कलापों का प्रस्तुतीकरण किया गया। परिषद की झॉकी को माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

1–नीति (Policy)

भारत सरकार की औद्योगिक नीति

भारत वर्ष यद्यपि एक कृषि प्रधान देश है, किन्तु राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार वृद्धि की सम्भावनाओं को देखते हुये गैर कृषि क्षेत्र में विगत वर्षों की तुलना में अत्यन्त महत्वपूर्ण उपलब्धियॉ प्राप्त की हैं। गत वर्ष कृषि क्षेत्र तथा उद्योग व्यापार क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद की दर 70 प्रतिशत है। इसी प्रकार गत वर्ष कृषि क्षेत्र में रोजगार 15 प्रतिशत था, जो अब 19 प्रतिशत है तथा सेवा व्यवसाय में 21 से 25 प्रतिशत वृद्धि हुई है। अतः स्पष्ट है कि उद्योग व सेवा व्यवसाय क्षेत्र निरन्तर रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है एवं उद्योग व सेवा क्षेत्र में कुल 46 प्रतिशत रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।

भारत सरकार स्तर पर औद्योगिक नीति एवं संवद्धन विभाग स्थापित है तथा विकास आयुक्त, लघु उद्योग तथा विकास आयुक्त, हथकरघा एवं विकास आयुक्त, हस्तशिल्प के कार्यालय सृजित हैं, जो राज्यों के लिये मार्ग–निर्देशक सिद्धान्त तय करते हैं। इसी के फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा राज्य के लिये जनवरी, 2003 में विशेष प्रोत्साहन पैकेज स्वीकृत किया गया है। भारत सरकार की औद्योगिक नीति मुख्यतः औद्योगिक लाईसेन्स निर्गत करना, विदेशी पूंजी निवेश व प्राविधिक समन्वय तथा निजी क्षेत्र में विकास करना है तथा इसके समान्तर राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक अवस्थापना सुविधाओं का सृजन करना तथा राज्य द्वारा सहायता व सुविधायें उपलब्ध कराना है।

- भारत सरकार की प्रथम औद्योगिक नीति 1948 में जारी की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य उत्पाद में वृद्धि तथा समान वितरण था तथा यह मिश्रित अर्थ व्यवस्था पर आधारित थी।
- इण्डस्ट्रियल वरेगुलेशन ऐक्ट 1951 में पारित किया गया, जिसकके मुख्य बिन्दु निम्न थे :

(1) उक्त ऐक्ट में नये एवं कार्यरत उद्योगों के विस्तार हेतु लाईसेन्स जारी करने की व्यवस्था थी।
(2) शासन को कुछ विशेष उद्योगों में निरीक्षण करने के अधिकार प्राप्त थे।
(3) शासन के निर्देशों के अनुसार कार्य न करने वाले उपलक्रमों का प्रबन्धन अपने अधिकार क्षेत्र में लिये जाने की व्यवस्था थी।
(4) शासन द्वारा अधिसूचित मूल्यों, प्रक्रियाओं, उत्पादन की मात्रा का उचित वितरण किये जाने की व्यवस्था थी।
(5) 100 से कम श्रमिकों के रोजगार एवं रू. 10 लाख से कम स्थाई पूंजी निवेश वाली औद्योगिक इकाइयों को लाईसेन्स लेने की आवश्यकता नहीं थी।

- भारत सरकार की औद्योगिक नीति 1956, 1977 एवं 1980 के अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दुओं को शामिल किया गयाः–

1. औद्योगिक नीति 1956 का उद्देश्य आर्थिक विकासदर की गति को बढ़ाना एवं सामाजिक व्यवस्था का स्वरूप प्राप्त करने हेतु उद्योगों को बढ़ावा देना था।
2. औद्योगिक नीति 1977 में उद्योगों के विकेन्द्रिकरणएवं लघु सतरीय, लघुत्तर एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया गया। देश में समस्त जिलों में जिला उद्योग केंद्रों की स्थापना की गई। उक्त केंद्र स्थानीय औद्योगिकरण के केन्द्र बिन्दु प्रस्तावित किये गये।
3. औद्योगिक नीति 1980 के अन्तर्गत निजी क्षेत्र के प्रभावी प्रबन्धन हेतु कदम उठाये गये। आर्थिक संघों की परिकल्पना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग को

प्रात्साहन तथा क्षेत्रीय विषमताओं को दूर करने की नीति तय की गई। इसके अतिरिक्त अधिक क्षमताओं को नियंत्रित किया गया।

- भारत सरकार की वर्ष 1991 में जारी औद्योगिक नीति में निम्न मुख्य नीति विषयक सिद्धान्त सम्मिलित किये गयेः–

1. उक्त नीति का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक अर्थ व्यवस्था को अधिकारियों के नियंत्रण से मुक्त करना, सुधारीकरण को लागू करना, भारतीय अर्थव्यवस्था को संचार की अर्थव्यवस्था से जोड़ना, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की बाधाओं को दूर करना तथा एम.आर.टी.पी बाधाओं को दूर करना था।
2. उद्यमिता को प्रोत्साहित करना, नियम प्रक्रिया का सरलीकरण, नियामक यांत्रिकी को हटाना, शोध विकास में पूंजी निवेश व नई तकनीकी लाना, साधारण व्यक्ति के लाभ हेतु प्रतियोगिता बढ़ाना, निर्यात प्रोत्साहन तथा क्रेडिट फ्लों में सुधार लाना था।

राज्य सरकार की औद्योगिक नीति

- राज्य सरकार की नीति मुख्यतः राजकीय सहायतायें, सुविधायें एवं अवस्थापना विकास से सम्बन्धित हैं।
- उक्त नीति नवस्थापित राज्य क पोटेन्सियल एवं सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये व्यवस्थापित की गई।
- नीति का मुख्य केंद्र बिन्दु उन क्षेत्रों में है, जहॉ राज्य की विकास की सम्भावनायें छिपी हुई हैं।

औद्योगिक नीति के क्रियान्वयन के मुख्य बिनदुः

- राज्य में एकल खिड़की सम्पर्क, सूचना एवं सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है।
- उद्योग मित्र का गठन किया गया है।
- अवस्थापना में निजी क्षेत्र की भागीदारी की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई।
- दूरस्थ क्षेत्रों हेतु विशेष सहायता कार्यक्रम प्रस्तावित किये जा रहे हैं।
- मूलय एवं क्रय वरीयता निर्धारित कर दी गई है।
- फ्लोरीकल्चर एवं पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है।
- ब्याज उपादान, आई0एस0ओ0/पर्यावरण नियंत्रण आदि योजनाओं को पूर्व ही अधिसूचितकर दिया गया है।

भारत सरकार के पैकेज के बिन्दुः

आर्थिक सहायता में भारत सरकार द्वारा नये उद्योगों हेतु प्रथम 10 वर्ष के लिये उतपाद शुल्क, प्रथम वर्षों में आयकर में पूर्ण छूट तथा आगामी 5 वर्षों में 30 प्रतिशत छूट की सुविधा तथा मशीन व संयंत्र में पूंजी निवेश पर 15 प्रतिशत, किन्तु अधिकतम रू. 30 लाख की उत्पादन सहायकता।

- भारत सरकार द्वारा घोषित विशेष आर्थिक सहायता के अन्तर्गत नियम/प्रक्रिया, प्रार्थना पत्र का प्रारूप अन्तिम रूप से तैयार कर उद्यमियों को निःशुल्क उपलब्ध कराये जाते हैं।

2–प्रक्रियात्मक सुधार (Procedural Reforms)

- समस्त विभागीय योजनाओं का संकलन कर जिला उद्योग केन्द्रों में परामर्श कक्ष स्थापित किया गया है, जिसमें पुस्तकें, प्रोजैक्ट प्रोफाइल एतद्विषयक पुस्तिकायें समस्त जिला उद्योग केन्द्रों में उपलब्ध कराई गई।
- अनुमोदन, प्रस्तावों की स्वीकृति सम्बन्धी कार्यों को समयबद्ध कियागया।
- उद्योग संघों/चैम्बरों के साथ नियमित सम्पर्क किया जा रहा है तथा प्रत्येक जनपद में उद्योग मित्र की मासिक/द्विमासिक बैठकें आयोजित की जा रही हैं।
- पूर्व सम्मिलित राज्य उत्तर प्रदेश में कार्यरत सम्बन्धित विभिन्न निगमों के स्थान पर उत्तरांचल राज्य में समन्वित रूप से एक निगम उत्तरांचल राज्य औद्योगिक विकास निगम लि. (SIDCUL) की स्थापना की गई है।
- पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश में काग्रत उद्योग, हथकरघ आदि विभिन्न निदेशालयों के स्थान पर राज्य में एक उद्योग निदेशालय की स्थापना की गई।
- हथकरघाएवं हस्तशिल्प के विकास एवं प्रोत्साहन हेतु उत्तरांचल हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद का गठन किया गया है।
- मासिक प्रगति रिपोर्ट के प्रारूपों को विकसित किया गया है तथा इन्टरनेट/ई–मेल सुविधायें निदेशालय में स्थापित की गई।
- जिला उद्योग केन्द्रों का कम्प्यूटराईजेशन किया गया है तथा वर्ष के अन्त तक इन्टरनेट सुविधा प्राप्त हो जायेगी।
- मासिक वीडियो कान्फ्रेसिंग द्वारा जिला उद्योग केन्द्रों के कार्यों की समीक्षा की जा रही है।
- औद्योगिक नीति का केन्द्र बिन्दू अधिसूचित थ्रस्ट क्षेत्र का त्वरित औद्योगिक विकास रखा गया है।
- राज्य में आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं का द्रुत गति से विकास किया जा रहा है।

- भारत सरकार की विशेष सहायता सुविधाओं के अतिरिक्त नई औद्योगिक नीति में कई आर्थिक सहायतायें प्रस्तावित की गई हैं।
- राज्य में खादी बोर्ड का गठन किया गया है।
- विगत दो वर्षों में अधिकांशत व्यय अवस्थापना विकास पर किया गया है, जिसके भविष्य में आशातीत परिणाम रहेंगे।
- उद्यमिता विकास प्रशिक्षण, लघु एवं कुटीर उद्योग तथा हथकरघा/हस्तशिल्प क्षेत्र का विकास भविष्य में केन्द्र बिन्दु रहेगा।

उद्योग निदेशालय के अधीनसंचालित योजनाओं के विषय में विस्तृत विवरण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित नियमों का उल्लेख सूचना के अधिकार 2005 हेतु तैयार मैनुअल के भाग–2 मैनुअल 5 के खण्ड प्रथम, द्वितीय में दिया गया है।

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005
मैनुअल बिन्दु–13

अपने द्वारा अनुदत्त रियायतें, अनुज्ञापयों या प्राधिकारों के प्राप्तिकर्ताओं की विशिष्टियाँ

विभाग द्वारा विभिनन योजनाओं के अन्तर्गत उद्यमियों को प्रदत्त की जाने वाली रियायतें, अनुज्ञां पत्रों तथा प्राधिकारों के प्राप्ति कर्ताओं के सम्बन्ध में विवरण व्यस्थित किया जाता है जो कि निम्नवत् हैंः–

1. केन्द्रीय पूंजी उपादान–प्रदेश के चिन्हित औद्योगिक आस्थानों में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयों को कुल स्थायी पूंजी विनियोजन में प्लांट एवं मशीनरी मद में किये गये पूंजी विनियोजन पर 15 प्रतिशत केन्द्रीय पूंजी उपादान अधिकतम रू. 30 लाख देय है। औद्योगिक आस्थानों से बाहर स्थापित होने वाली थ्रस्ट सैक्टर की इकाइयों को भी यह सुविधा उपलब्ध है। योजना का विस्तृत विवरण मैनुअल के भाग–2 संख्या–5 में संलग्न भारत का राजपत्र पृष्ठ संख्या–26 से 31 में देखा जा सकता है। उक्त योजना वर्ष 2010 तक लागू रहेगी।
2. केन्द्रीय परिवहन उपादान–उत्तरांचल में स्थापित औद्योगिक इकाइयों को उनके द्वारा निकटतम रेलवे हैड, से फैक्ट्री हैड तक परिवहन पर किये गये कुल व्यय तथा तैयार माल को फैक्ट्री हैड से रेलवे हैड तक किये गये परिवहन व्यय पर 25 प्रतिशत केन्द्रीय परिवहन उपादान देय है। यह सुविधा नई औद्योगिक नीति के तहत दी गई है। यह सुविधा वर्ष 2007 तक लागू है।
3. ब्याज प्रोत्साहन उपादान योजना–प्रदेश में स्थापित नई लघु इकाइयों को जिनके द्वारा बैंक ऋण से इकाईयां स्थापित की गई हैं उन्हें ब्याज प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम रू. 2 लाख प्रतिवर्ष तथा वर्तमान इकाइयों को उनके आधुनिकीकरण/विस्तारीकरण हेतु भी उक्त सुविधा देय है। थ्रस्ट उद्योगों एवं दूरस्थ स्थापित इकाइयों को यह सुविधा 5 प्रतिशत अधिकतम रू. 3 लाख प्रतिवर्ष तक उपलब्ध हो सकती है। विस्तृत विवरण मैनुअल के भाग–2 संख्या–5 में संलग्न नई औद्योगिक नीति के पृष्ठ–9 में संलग्न है।
4. प्रधानमंत्री रोजगार योजना– यह योजना भारत सरकार द्वारा वर्ष 1993 से चलाई जा रही है। योजनान्तर्गत प्रदेश के युवक एवं युवतियों को रोजगार स्थापित करने हेतु व्यवसाय क्षेत्र में अधिकतम रू. 1लाख तथा उद्योग तथा सेवा क्षेत्र में 2 लाख तक ऋण सुविधा राष्ट्रकृत बैंकों के माध्यम से दी जाती है, जिसमें 15 प्रतिशत अनुदान अधिकतम रू. 1500 तक देय है। योजना का लाभ केवल उन्हीं युवक/युवतियों को देय है, जिनकी आयु सामान्य श्रेणी के अन्तर्गत 18 से 40 वर्ष तथा आरक्षित श्रेणी के लिए 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है तथा लाभार्थी की वार्षिक आय रू. 40000 प्रतिवर्ष से अधिक न हो एवं लाभार्थी वहॉ का निवासी हो या वहां पर 3 वर्ष से अधिक समय से रह रहा हो। उपरोक्त की पूर्ति होने पर ही योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त कर सकता है।

अन्य योजनाओं का विवरण मैनुअल भाग–4 संख्या–12 में संलग्न पृष्ठ संख्या–1 से 52 में किया गया है।

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 मैनुअल बिन्दु–14

किसी इलैक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध सूचना के सम्बन्ध में ब्यौरे

निदेशालय तथा जनपद स्तर पर औद्योगिक विकास सम्बन्धी विभिन्न प्रकार की सूचनाओं को त्वरित आदान–प्रदान हेतु वैबसाईट तथा इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध है। निदेशालय का email: di@ua.nic.in तथा उत्तरांचल राज्य औद्योगिक विकास निगम लि. का email: sidcul@sidcul.com एवं website: www.sidcul.com है।

वर्तमान में NIC की website में नई औद्योगिक नीति को उपलब्ध कराया गया है तथा उत्तरांचल में उद्योगों की स्थापना हेतु स्थापित औद्योगिक आस्थानों, उनके निर्मित भूखण्ड एवं स्थापित इकाइयों का ब्यौरा भी NIC की website पर उपलबध कराया गया है, जिन्हें सिडकुल की उपरोक्त website पर देखा जा सकता है।

इस प्रकार NIC website पर निम्न सूचनाएं उपलबध हैं।

1. नई औद्योगिक नीति।
2. प्रदेश में स्थापित औद्योगिक आस्थान, उनमें निर्मित/उपलब्ध भूखण्ड एवं उनमें स्थापित इकाईयां।

उक्त के साथ ही NIC की website पर प्रदेश में स्थापित वृहद एवं मध्यम इकाइयों का विवरण तथा यूएचएचडीसी से सम्बन्धित सूचनाएं भी शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 मैनुअल बिन्दु–15

सूचना अभिप्राप्त करने के लिए नागरिकों को उपलब्ध सुविधाओं का विवरण। किसी पुस्तकालय या वाचनकक्ष की यदि लोग उपयोग के लिये व्यवस्था की गई है, तो उसका भी विवरण।

उद्यमियों को उद्योग स्थापना हेतु विभिन्न सहायतायें/सुविधायें प्रदत्त किये जाने के संबंध में निदेशालय एवं जनपद स्तर पर परामर्श कक्षों की स्थापना की गई है, जिसमें विभिन्न प्रकार के तकनीकी साहित्य प्रोजैक्ट रिपोर्टस तथा अन्य आवश्यक सूचनायें उपलब्ध करायी जाती हैं। निदेशालय/जनपद स्तर पर चलाई जा रही औद्योगिक विकास सम्बन्धी विभिनन योजनाओं की गाइडलाइन्स व उद्योग स्थापना सम्बन्धी तकनीकी साहित्य एवं पुस्तिकायें आदि उपलब्ध हैं। इसमें जनपद स्तर पर मुख्यालय में तैनात सहायक प्रबन्धक/वरिष्ठ सहायक की तैनाती की गयी है जो इच्छुक उद्यमियों को उद्योग सम्बन्धी सभी सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हैं। जनपद स्तर पर परामर्श कक्ष महाप्रबन्धक की देखरेख में कार्य करते हैं एवं निदेशालय स्तर पर यह कार्य अपर निदेशक उद्योग की देखरेख में होता है। परामर्श कक्षों में कार्यालय 10 बजे प्रातः से 5 बजे सायं तक सुचनाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

उद्योग निदेशालय स्तर	**लोक सूचना अधिकारी**	
	श्री एस.सी.चन्दोला, अपर निदेशक उद्योग	2728226
	श्री सुधीर चन्द्र नौटियाल, संयुक्त निदेशक उद्योग	2728227
जिला स्तर	**लोक सूचना अधिकारी**	
	श्री डी.एस.बांगडी, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. रुड़की	262452
	श्री एम.आर.यादव महाप्रबन्धक, जि.उ.के. कोटद्वार	222266
	श्री एस.बी. बहुगुणा महाप्रबन्धक, जि.उ.के. नरेन्द्रनगर	227297
	श्री शंकर राम, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. रुड़की	262452
	श्री के.एस. चौहान, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. चमोली	252126
	श्री एस.एल. आर्य, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. रुद्रप्रयाग	233119
	श्री एल.एस.कुंवर, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. उत्तरकाशी	222744
	श्री एम.सी पाण्डे, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. हल्द्वानी	220669
	श्री फतेह बहादुर, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. अल्मोड़ा	230177
	श्री यू.के.जोशी, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. उद्यमसिंहनगर	243204
	श्री बी.आर.आर्य, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. पिथौरागढ़	223574
	श्री बी.आर.आर्य, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. चम्पावत	230082
	श्री एस.के.कुरील, महाप्रबन्धक, जि.उ.के. बागेश्वर	221476
	सहायक लोक सूचना अधिकारी	
	श्री डी.पी.मंमगई, प्रबन्धक जि.उ.के. देहरादून	2724903
	श्री महेश नेगी सहायक प्रबन्धक जि.उ.के. कोटद्वार	222266
	श्री एस.एस नेगी अन्वेाक–सह –संगणक जि.उ.के. नरेन्द्रनगर	227297
	श्रीमती कौशल्या बन्धु, प्रबन्धक, जि.उ.के. देहरादून	2724903
	श्री डी.एस.गाडियाल, सहायक प्रबन्धक, जि.उ.के. चमोली	252126
	श्री पी.एस. सजवाण, सहायक प्रबन्धक, जि.उ.के. रुद्रप्रयाग	233119
	श्री जे.एम.बहुगुण, सहायक प्रबन्धक, जि.उ.के. उत्तरकाशी	222724
	श्री वाई.सी.पाण्डे, सहायक प्रबन्धक, जि.उ.के. हल्द्वानी	220669
	श्री एस.के. अग्निहोत्री, सहायक प्रबन्धक, जि.उ.के. अल्मोड़ा	230177
	श्री त्रिलोक सिंह, प्रबन्धक, जि.उ.के. उद्यमसिंहनगर	243204
	श्री ललित मोहन शाह, अन्वेषक कम संगणक, जि.उ.के. पिथौरागढ़	223574
	श्री जी.डी.जोशी, सहायक प्रबन्धक, जि.उ.के. चम्पावत	230082
	श्री एच.सी.तिवारी सहायक प्रबन्धक, जि.उ.के. बागेश्वर	221476

विभागीय अपीलीय अधिकारी

जनपद स्तरीय अधिकारियों के अपीलीय अधिकारी अपर निदेशक उद्योग/संयुक्त निदेशक उद्योग, उद्योग निदेशालय तथा निदेशालय स्तर पर निदेशक उद्योग, उत्तरांचल अपीलीय अधिकारी होंगे।

उद्योग निदेशालय, उत्तरांचल, मैनुअल 2006
भाग–4, बिन्दु–17

उत्तरांचल राज्य में त्वरित औद्योगिकीकरण को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश की भाँति अलग से उद्योग निदेशालय की स्थापना, पटेलनगर देहरादून में की गई है एवं यह निदेशालय उद्योग निदेशक के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में कार्यरत है। उत्तरांचल में लघु उद्योग/ मध्यम उद्योग/ वृहद् उद्योग/ हथकरघा/ हस्तशिल्प/ जड़ी–बूटी/ इकोटूरिज्म/ से सम्बन्धित इकाइयों की स्थापना के लिए संकल्परत रहकर प्रोत्साहिति करता है। औद्योगिक विकास हेतु समय–समय पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। राज्य में स्थापित उद्योगों द्वारा उत्पादित उत्पादों के बाजार/विपणन हेतु भी प्रयासरत रहता है, इसके लिए राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मेलों/प्रदर्शनियों में इनके उत्पादों को प्रदश्रित करने की भी सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है।